# नेशनल प्रेस टाइम्स

नई दिल्ली, शनिवार
03 मई 2025

पत्रकार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 10, अंक : 64 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579


# तनाव के बीच वायुसेना का दिखा पराक्रम

## पहली बार लड़ाकू विमानों ने एक्सप्रेसवे पर की नाइट लैंडिंग

शाहजहांपुर । देश में पहली बार किसी भी एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी पर रात में लड़ाकू विमान उतरे। इसके पीछे का उद्देश्य यह है कि युद्ध की स्थिति में अगर दुश्मन देश बमबारी कर एयरबेस की हवाई पट्टी को नष्ट कर दे तो विकल्प के रूप में एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जा सके।

पाकिस्तान से तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे पर अपना पराक्रम दिखाया। आसमान का सीना चीरते हुए राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिग-29, मिराज-200 और सुपर हरक्यूलिस विमानों ने जैसे ही गंगा एक्सप्रेसवे पर जलालाबाद के पीरू गांव के पास बनी हवाई पट्टी को चूमा, भारतीय वायुसेना के इतिहास में गौरव का एक और अध्याय जुड़ गया। अब भारत भी एक्सप्रेसवे पर लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग कराने वाले चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया है।

**हवाई पट्टी पर 40 मिनट चला लड़ाकू विमानों का अभ्यास-** शुक्रवार रात गंगा एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी पर लड़ाकू विमानों ने करीब 40 मिनट तक अभ्यास किया। लड़ाकू विमान हवाई पट्टी को छूते हुए निकले। इस दौरान पूरे एक्सप्रेसवे के साथ ही आसपास के गांवों में भी बिजली आपूर्ति बंद रही। दिन में अभ्यास

### बढ़ी पाकिस्तान की धड़कन

के बाद शाम सात से रात दस बजे तक लड़ाकू विमानों की नाइट लैंडिंग कराई जानी थी। समय में परिवर्तन किया गया और रात करीब 09:25 पर अभ्यास शुरू किया। एक के बाद एक लड़ाकू विमान उड़ान भरकर हवाई पट्टी के थोड़ा ऊपर से होते हुए गुजरने शुरू हुए। हर दो-तीन मिनट में एक लड़ाकू विमान उड़ान भरता रहा। रात 10:05 मिनट पर एमआई-17 हेलिकॉप्टर गड़गड़ाना शुरू हुआ। हेलिकॉप्टर की उड़ान के साथ नाइट लैंडिंग का अभ्यास पूरा हुआ। इस दौरान पूरे इलाके की बिजली बा ंद रखी गई। अभ्यास के बाद बिजली आपूर्ति शुरू की गई। रात में भी वायुसेना के विमानों को देखने के लिए भारी संख्या में लोग खेत और सड़क पर मौजूद नजर आए।

शेष पेज 2 पर



### अभ्यास में भाग लेने वाले प्रमुख फाइटर जेट्स

1.राफेल : आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सिस्टम और लंबी दूरी की मेटेओर मिसाइल से लैस, यह विमान सभी मौसम में ऑपरेशन कीक्षमता रखता है।

2.एसयू-30 एमकेआई : भारत-रूस द्वारा संयुक्त रूप से विकसित यह ट्विन-सीटर फाइटर लंबी दूरी तक स्ट्राइक करने में सक्षम है और ब्रह्मोस जैसी मिसाइलें लेकर उड़ान भर सकता है। शेष पेज 2 पर

# पीएम ने आंध्र को दी 58000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात, 74 परियोजनाओं का शिलान्यास



अमरावती । पीएम मोदी ने आज आंध्र प्रदेश को कई परियोजनाओं की सौगात दी। जिसमें सीएम चंद्रबाबू नायडू का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है। इनमें डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र, विशाखापट्टनम में यूनिटी मॉल, गुंटकल-मल्लप्पा गेट रेल ओवरब्रिज शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश की राजधानी अमरावती में 58,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती का निर्माण फिर से शुरू करना भी शामिल है, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू का 'ड्रीम प्रोजेक्ट' है।

**74 परियोजनाओं में क्या-क्या शामिल?**

प्रधानमंत्री ने 94 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, जिसमें राजधानी शहर के संस्थान, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे उन्नयन और रक्षा संबंधी प्रतिष्ठान शामिल हैं। अमरावती के निर्माण को फिर से शुरू करने के हिस्से के रूप में, पीएम ने 49,000 करोड़ रुपये की 74 परियोजनाओं की आधारशिला रखी, जिसमें विधानसभा, सचिवालय और उच्च न्यायालय भवनों और न्यायिक आवासीय क्वार्टरों के साथ-साथ 5,200 परिवारों के लिए आवास भवनों का निर्माण शामिल है।

पीएम मोदी ने ग्रीनफील्ड राजधानी शहर में भूमिगत उपयोगिताओं और उन्नत बाढ़ प्रबंधन प्रणालियों के साथ 320 किलोमीटर लंबे विश्व स्तरीय परिवहन नेटवर्क की विशेषता वाले बुनियादी ढांचे और बाढ़ शमन परियोजनाओं की नींव रखी। भूमि पूलिंग योजना के बुनियादी ढांचे की परियोजनाओं में ग्रीनफील्ड राजधानी अमरावती में केंद्रीय मध्य, साइकिल ट्रैक और एकीकृत उपयोगिताओं से सुसज्जित 1,281 किलोमीटर सड़कें शामिल होंगी। शेष पेज 2 पर

# पहलगाम के बाद इस मुस्लिम देश के मंत्री आ रहे भारत, ट्रंप से है 36 का आंकड़ा, पाकिस्तान को लगेगी मिर्ची



**नई दिल्ली** । सूत्रों के हवाले से बताया कि अब्बास अराघची के 8 मई को नई दिल्ली आने की संभावना है, हालांकि अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। सूत्रों ने बताया कि अब्बास अराघची विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ पहलगाम हमले के सभी पहलुओं के अलावा द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के अगले सप्ताह नई दिल्ली आने की उम्मीद है।

इससे पहले तेहरान ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करने की अपनी मंशा जाहिर की थी। इंडियन एक्सप्रेस ने सूत्रों के हवाले से बताया कि अब्बास अराघची के 8 मई को नई दिल्ली आने की संभावना है, हालांकि अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है।

शेष पेज 2 पर

# सीएम योगी का निर्देश, निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों को भी एसआईआरएफ रैंकिंग में शामिल करें



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर तकनीकी शिक्षा विभाग और व्यावसायिक शिक्षा विभाग की बैठक की और महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्राविधिक एवं व्यावसायिक शिक्षा में नवाचारों के समावेश एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि विगत आठ वर्षों में तकनीकी शिक्षा को अधिक सुलभ, गुणवत्तापूर्ण, नवाचारपरक एवं परिणामोन्मुखी बनाने की दिशा में राज्य सरकार द्वारा अनेक ठोस पहलें की गई हैं, जिनके उत्साहवर्धक परिणाम दिख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुणवत्तापरक शिक्षा के लिए सभी प्राविधिक संस्थान नैक, एनबीए तथा एनआईआरएफ मूल्यांकन में प्रतिभाग करें, परंतु आवेदन से पूर्व व्यापक तैयारी अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने राज्य संस्थागत रैंकिंग रूपरेखा (रक्क्र) के तहत राजकीय एवं अनुदानित पॉलिटेक्निक संस्थानों की रैंकिंग की सराहना करते हुए इसके अंतर्गत निजी संस्थानों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिया, ताकि समस्त संस्थानों में गुणवत्ता की समान मानक सुनिश्चित हो सकें। सीएम योगी शुक्रवार को तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा विभागों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में प्राविधिक शिक्षा मंत्री श्री आशीष पटेल तथा व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने बैठक में विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों में व्यवहारिक अध्ययन को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए तथा गुणवत्तापूर्ण प्रयोगशालाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक श्रेणी के सभी रिक्त पदों पर शीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि नवस्थापित राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज बस्ती, गोंडा, मीरजापुर एवं प्रतापगढ़ के भवन निर्माण तथा परिसर विकास से जुड़ी सभी परियोजनाएं निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण की जाएं, ताकि अगले शैक्षणिक सत्र से यह कॉलेज अपने निजी परिसरों से संचालित हो सकें।

शेष पेज 2 पर

# मायावती बोलीं- बसपा ही ओबीसी की हितैषी, बहुजन कल्याण के लिए भाजपा-कांग्रेस पर भरोसा करना घातक



लखनऊ । बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि ओबीसी व दलित वर्ग को अपने कल्याण के लिए भाजपा व कांग्रेस पर भरोसा नहीं करना चाहिए। ये घातक हो सकता है। उन्होंने कहा कि बसपा ही इन वर्गों की सच्ची हितैषी है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि ओबीसी समाज का हित बसपा में ही सुरक्षित है और बसपा ही ओबीसी समाज की सच्ची हितैषी है। बहुजनों को अपने हित व कल्याण के लिए भाजपा व कांग्रेस पर भरोसा करना घातक है।

उन्होंने कहा कि काफी लम्बे समय तक ना-ना करने के बाद अब केन्द्र द्वारा राष्ट्रीय जनगणना के साथ जातीय जनगणना भी कराने के निर्णय का भाजपा व कांग्रेस आदि द्वारा इसका श्रेय लेकर खुद को ओबीसी हितैषी सिद्ध करने की होड़ लगी है जबकि इनके बहुजन-विरोधी चरित्र के कारण ये समाज अभी भी पिछड़ा, शोषित व वंचित है।

शेष पेज 2 पर

# नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ीं, कोर्ट ने भेजा नोटिस



**नई दिल्ली** । नेशनल हेराल्ड मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी की मुसीबत बढ़ गई है। दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दोनों नेताओं को नोटिस जारी किया है।

दिल्ली की एक अदालत ने नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नोटिस जारी किया है। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट में दूसरी सुनवाई हुई। इससे पहले 25 अप्रैल को कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया था। अदालत ने ईडी से और अधिक प्रासंगिक दस्तावेज लाने और खामियों को दूर करने को कहा था। अब इस मामले में अगली सुनवाई 8 मई को होगी।

कोर्ट ने कहा कि चार्जशीट पर संज्ञान लेने से पहले आरोपियों के पक्ष को सुनने का अधिकार छीना नहीं जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होगी। कोर्ट ने कहा कि प्रस्तावित आरोपियों को आरोपपत्र के संज्ञान के समय सुनवाई का अधिकार है। किसी भी स्तर पर सुनवाई का अधिकार निष्पक्ष सुनवाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक है। शेष पेज 2 पर

# मुसलमानों और कश्मीरियों के पीछे न पड़ें

## दिवंगत नेवी अफसर विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी की बड़ी अपील

नई दिल्ली। यह हमला उस समय हुआ जब नरवाल और उनकी पत्नी हिमांशी, जो अपने हनीमून पर थे, अनंतनाग जिले में स्थित एक खूबसूरत रिट्रीट में सैर कर रहे थे। 26 वर्षीय नरवाल को उनकी पत्नी के सामने ही गोली मार दी गई, जब आतंकवादियों ने उनके धर्म की पुष्टि की।

नौसेना के लेफ्टिनेंट विनय नरवाल उन 26 लोगों में से एक थे, जो 16 अप्रैल को अपनी शादी के छह दिन बाद 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए थे। यह हमला उस समय हुआ जब नरवाल और उनकी पत्नी हिमांशी, जो अपने हनीमून पर थे, अनंतनाग जिले में स्थित एक खूबसूरत रिट्रीट में सैर कर रहे थे। 26 वर्षीय नरवाल को उनकी पत्नी के सामने ही गोली मार दी गई, जब आतंकवादियों ने उनके धर्म की पुष्टि की।



अधिकारी को पूरे सैन्य सम्मान के साथ दफनाया गया और उनकी अस्थियों को 25 अप्रैल को हरिद्वार में हर की पौड़ी पर गंगा में विसर्जित किया गया। गुरुवार को, जो उनका 27वां जन्मदिन होता, दिवंगत अधिकारी की पत्नी ने एक ऐसे राष्ट्र के सामने एक भावनात्मक और साहसी अपील जारी की, जो अभी भी हमले की बर्बरता को स्वीकार कर रहा है। गुरुग्राम की पीएचडी स्कॉलर हिमांशी नरवाल ने कहा, "हम नहीं चाहते कि लोग मुसलमानों या कश्मीरियों के खिलाफ जाएं। हम शांति चाहते हैं और केवल शांति। बेशक, हम न्याय चाहते हैं।

लेफ्टिनेंट नरवाल 2022 में नौसेना में शामिल होने के बाद पिछले डेढ़ साल से कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान में सेवा दे रहे थे। नौसेना ने एक आधिकारिक बयान में उन्हें एक ह्लसमर्पित और साहसी अधिकारीह्व बताया, जिन्होंने सम्मान के साथ अपने देश की सेवा की।

शेष पेज 2 पर

# असम के पंचायत चुनाव के पहले चरण में 14 जिलों में भारी मतदान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

**असम:** असम में पंचायत चुनाव के पहले चरण के लिए आज शुक्रवार को मतदान हुए। आज14 जिलों में भारी मतदान की खबर है। मतदान केंद्रों के बाहर लंबी कतारें लगी हुई हैं, जो जमीनी स्तर पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में लोगों की उत्साही भागीदारी को दशार्ता है। इस चरण में भाग लेने वाले जिलों में धेमाजी, लखीमपुर, सोनितपुर, बिस्वनाथ, तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, जोरहाट, माजुली, शिवसागर, चराईदेव, गोलाघाट, कछार, हैलाकांडी और श्रीभूमि शामिल हैं। असम राज्य चुनाव आयोग ने पुष्टि की है कि



शांतिपूर्ण और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। 1.20 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है, और हर मतदान केंद्र पर सुरक्षा बल तैनात हैं। कुल मिलाकर, 1.80 करोड़ से अधिक मतदाता दो चरणों में 25,007 मतदान केंद्रों पर वोट डालने के पात्र हैं। इसमें लगभग 90.71 लाख पुरुष मतदाता, 89.65 लाख महिला मतदाता और अन्य श्रेणी के तहत पंजीकृत 408 व्यक्ति शामिल हैं। शेष 13 जिलों में मतदान का दूसरा चरण 7 मई को होना है, जबकि मतगणना 11 मई को होगी।

चुनाव शुरू होने से पहले ही, भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (ठउअ) ने महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली थी। गठबंधन ने 37 जिला परिषद सीटें निर्विरोध जीतीं - 35 भाजपा ने और दो उसके सहयोगी असम गण परिषद ने। इसके अतिरिक्त, एनडीए ने 288 आंचलिक पंचायत सीटों पर निर्विरोध जीत हासिल की, जिनमें से 259 भाजपा ने और 29 AGP ने जीतीं है ।

# पंडित संजीव नारायण दाश को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

असमः यूनिवर्सल मानद पुरस्कार परिषद ने असम के वरिष्ठ तथा अनुभवी पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता, पंडित संजीव नारायण दास को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। डॉ. पंडित संजीव नारायण दाश को सामाजिक कार्य और पत्रकारिता के विकास में उनके काम के लिए इस डिग्री से सम्मानित किया गया है। विदित हो कि पंडित संजीव नारायण दाश पत्रकार संगठनों



के अलावा कई अन्य गैर सरकारी संगठनों से भी जुड़े रहे हैं और वर्तमान में अपना कार्य कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार, डॉ. पंडित संजीव नारायण दाश को यूनिवर्सल



ऑनरेरी अवार्ड काउंसिल की ओर से प्रतिष्ठित डॉक्टरेट पुरस्कार से सम्मानित किए जाने के अलावा उन्हें काउंसिल का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी नियुक्त किया गया है।

# आंधी-तूफान में उखड़े पेड़, बारिश से सड़कें लबालब, जाम ने बढ़ाई मुसीबत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली । दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह-सुबह आंधी-तूफान के साथ भारी बारिश हुई। जिसके कारण कई पेड़ उखड़ गए और भारी जलभराव हो गया।

दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में आज सुबह मौसम का मिजाज बदल गया। तेज आंधी-तूफान और भारी बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। वहीं, भीषण गर्मी से परेशान दिल्ली-एनसीआर में बारिश ने लोगों को राहत दी। दिल्ली, नोएडा और गाजियाबाद के कई हिस्सों में आंधी-तूफान के चलते पेड़ और बिजली के खंभे गिर गए।

सुबह-सुबह दिल्ली-एनसीआर में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। गरज-चमक के बीच बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने व्यक्त किया था। लगातार हो रही तेज बारिश से दिल्ली की सड़कों पर पानी भर गया है।

दिल्ली में बूंदाबांदी का सिलसिला तड़के 3 बजे के बाद शुरू हुआ। पहले आईटीओ, मंडी हाउस और मध्य दिल्ली के कुछ इलाकों में बूंदाबांदी और बारिश शुरू हुई। इसके बाद हवाओं में तेजी आई और अंधेरे के बीच गरज-चमक के साथ तेज बारिश होने लगी।

मौसम विभाग के अनुसार 1 मई से 7 मई तक आंधी व बारिश का अनुमान है। इस कारण से तापमान 34 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के असर से 1 मई की रात से 4 मई की सुबह तक मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। 5 और 6 मई को शाम के समय आंधी-तूफान और बादल गरजने की गतिविधियां रहेंगी। इससे पहले मौसम विभाग 1 से 2 मई के लिए बारिश व आंधी का यलो अलर्ट जारी किया था।

दिल्ली हवाई अड्डे पर शुक्रवार सुबह आंधी-तूफान और तेज हवाओं के कारण परिचालन बाधित होने के कारण तीन उड़ानों का मार्ग परिवर्तित कर दिया गया और 200 से अधिक उड़ानें विलंबित हो गईं। दिल्ली में खराब मौसम के कारण एक फ्लाइट को अहमदाबाद और दो फ्लाइट को जयपुर डायवर्ट किया गया और कई अन्य फ्लाइट में देरी हुई।

गाजियाबाद में शुक्रवार तड़के मौसम का मिजाज बदल गया। पहले तेज आंधी चली। इसके बाद बादल गरजे और पांच बजे बारिश शुरू हो गई। इसके बाद पारा चार डिग्री नीचे आ गया। मौसम वैज्ञानिक डॉक्टर यूपी शाही ने बताया कि तेज हवा चलने की वजह से पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता अचानक बढ़ गई। आने वाले चार-पांच दिन तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान जहां 40 को पार कर रहा था। वहीं अब यह 30-32 के आसपास रहेगा। रविवार और सोमवार को भी बारिश होने की संभावना बन रही है। हवा की रफ्तार बढ़ने से धूप निकलने पर भी गर्मी से राहत मिली रहेगी।

गुरुग्राम में बारिश से शुक्रवार को कई जगहों पर जलभराव हो गया है। घरों के अंदर पानी घुस गया। नरसिंहपुर गांव के सामने दिल्ली जयपुर हाईवे और सर्विस लेन पर तीन फीट पानी भर गया है। इससे वाहन चालकों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आंधी से कई जगह पेड़ टूट गए। इसकी चपेट में आकर पालम विहार में पार्क की दीवार ढह गई। दो वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

आज सुबह तेज हवाओं के कारण द्वारका के खरखरी नाहर गांव में खेत में बने ट्यूबवेल के कमरे पर पेड़ गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। मृतक की पहचान 26 वर्षीय ज्योति और उसके तीन बच्चों के रूप में हुई है। उसके पति अजय को मामूली चोटें आई हैं।

# सेंट्रल दिल्ली के कई इलाकों में आज प्रतिबंध, इन रास्तों पर जानें से बचें



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

नई दिल्ली । शनिवार को सेंट्रल दिल्ली के कुछ इलाकों में ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी कर दी है। कुछ हिस्सों में यातायात प्रतिबंध लागू रहेंगे। घर से निकलने से पहले यात्री ट्रैफिक एडवाइजरी को पढ़कर निकलें।

दिल्ली यातायात पुलिस ने शनिवार सुबह को मध्य दिल्ली में वाहनों की आवाजाही पर प्रतिबंध और रोड डायवर्जन को लेकर एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के अनुसार, शनिवार को सुबह 9 बजे से 10:15 बजे तक जेएलएन मार्ग, नेताजी सुभाष मार्ग, डीडीयू मार्ग और महात्मा गांधी मार्ग (एमजीएम) सहित प्रमुख सड़कों पर वाहनों की आवाजाही नियंत्रित रहेगी।

दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने कहा कि इसके अलावा बीएसजेड मार्ग पर डब्ल्यू पॉइंट और ए पॉइंट से दिल्ली गेट तक यातायात पर भी प्रतिबंध रहेगा। इस तरफ यात्रा करने वाले यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे प्रतिबंधित अवधि के दौरान इन मार्गों से बचें। साथ ही वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। पार्किंग केवल बताए गए इलाके में होगी।

## तनाव के बीच वायुसेना का दिखा पराक्रम पहली बार लड़ाकू विमानों ने एक्सप्रेसवे पर की नाइट लैंडिंग

सुबह 11:30 बजे प्रस्तावित एयर शो खराब मौसम के कारण करीब एक घंटे विलंब से शुरू हुआ। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच लड़ाकू विमानों की गर्जना ने वहां मौजूद लोगों के दिलों में रोमांच पैदा कर दिया। बरेली के त्रिशूल एयरबेस से उड़ान भरने के बाद वायुसेना के विमान और हेलिकॉप्टर गंगा एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी पर टच एंड गो करते रहे। एमआई-17 वी-5 हेलिकॉप्टर से जवानों ने रस्सी के सहारे नीचे उतरने का अभ्यास किया।

दोपहर 12:40 बजे शुरू हुआ एयर शो करीब 2:30 बजे तक चलता रहा। शुरूआत सैन्य परिवहन विमान एएन-32 की लैंडिंग से हुई। इसके बाद सी-130 जे हरक्यूलिस विमान नीचे उतरा। फिर जगुआर, सुखोई-30 एमकेआई, मिग-29, राफेल के दो-दो विमान गर्जना करते हुए गुजरे। इस दौरान हजारों क्षेत्रवासी दूर से ही वायुसेना का शौर्य प्रदर्शन देखते रहे। फिर रात आठ बजे से विमानों की नाइट लैंडिंग शुरू हुई। रात दस बजे तक विभिन्न लड़ाकू विमान एक्सप्रेसवे पर लैंडिंग और टेकऑफ करते रहे। इस दौरान शाम सात से रात दस बजे तक कटरा-जलालाबाद हाईवे को वाहनों के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया गया।

आपात स्थिति में मददगार होगी वैकल्पिक हवाई पट्टी- देश में पहली बार किसी भी एक्सप्रेसवे पर बनी हवाई पट्टी पर रात में लड़ाकू विमान उतरे। इसके पीछे का उद्देश्य यह है कि युद्ध की स्थिति में अगर दुश्मन देश बमबारी कर एयरबेस की हवाई पट्टी को नष्ट कर दे तो विकल्प के रूप में एक्सप्रेसवे की हवाई पट्टी का इस्तेमाल किया जा सके। आपात स्थिति में तत्काल सैन्य कार्रवाई के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जा सकेगा। हाईवे को सफर के साथ ही देश की सुरक्षा में भी इस्तेमाल किया जा सकेगा।

सुखोई-30 की कलाबाजियों ने किया रोमांचित, छह बार चूमी हवाई पट्टी- दो सुखोई-30 विमानों ने छह बार हवाई पट्टी को चूमा। साथ ही काफी कम ऊंचाई पर कलाबाजियां दिखाकर लोगों के दिल को रोमांच से भर दिया। दो राफेल विमानों ने भी हवाई पट्टी पर टच डाउन किया। परिवहन विमान सुपर हरक्यूलिस ने भी दो बार एक्सप्रेसवे को छुआ। मिग-29 व जगुआर ने भी दो-दो बार टच डाउन किया।

### अभ्यास में भाग लेने वाले प्रमुख फाइटर जेट्स

3. मिराज-2000: फ्रेंच मूल का यह विमान हाई-स्पीड डीप स्ट्राइक में दक्ष है और न्यूक्लियर कैपेबल है।

4. मिग-29: यह तेज गति, ऊंची उड़ान और राडार चकमा देने की क्षमता वाला लड़ाकू विमान है।

5. जगुआर: यह ग्राउंड अटैक और एंटी-शिप मिशन में प्रयोग होने वाला सटीक स्ट्राइक विमान है।

6. सी-130 जे सुपर हरक्यूलिस: यह भारी ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट विशेष बलों की तैनाती, आपदा राहत और रेस्क्यू मिशन में प्रमुख भूमिका निभाता है।

7. एएन-32: ऊंचाई वाले क्षेत्रों में सामान और जवानों की ढुलाई के लिए उपयुक्त ट्रांसपोर्ट विमान।

8. एमआई-17 वी 5 हेलिकॉप्टर : सर्च एंड रेस्क्यू, मेडिकल एवेकुएशन और मानव सहायता कार्यों के लिए जरूरी बहुउद्देशीय हेलिकॉप्टर।

जिले के 44 गांवों से गुजर रहा गंगा एक्सप्रेसवे

शाहजहांपुर जिले में गंगा एक्सप्रेसवे 44 गांवों से गुजर रहा है। यहां इसकी लंबाई करीब 42 किमी है। अधिकतर स्थानों पर एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। जलालाबाद में पीरू गांव के पास 3.5 किमी लंबी हवाई पट्टी बनाई गई है, जिस पर रात में ही वायुसेना के लड़ाकू विमान उतर सकेंगे।

## पीएम ने आंध्र को दी 58000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात, 74 परियोजनाओं का शिलान्यास

इस दौरान पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा- 'आज जब मैं इस अमरावती की भूमि पर खड़ा हूं तो मुझे केवल ये एक शहर नहीं दिख रहा है बल्कि मुझे ये एक सपना सच होते हुए दिख रहा है। एक नया अमरावती और एक नया आंध्र, अमरावती वो धरती है जहां परंपरा और प्रगति दोनों साथ चलते हैं...आज यहां करीब 60,000 करोड़ रुपए की परियोजना का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया है...ये परियोजना केवल कंक्रीट निर्माण नहीं है बल्कि आंध्र प्रदेश की आंकाक्षाओं की विकसित भारत की उम्मीदों की मजबूत नींव भी है'।

डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र- इसी तरह, पीएम ने 5,028 करोड़ रुपये की नौ केंद्रीय परियोजनाओं की नींव रखी, जैसे कि कृष्णा जिले के नागयालंका में डीआरडीओ का मिसाइल परीक्षण केंद्र (1,459 करोड़ रुपये), विजाग में यूनिटी मॉल (100 करोड़ रुपये), गुंटकल - मल्लप्पा गेट रेल ओवरब्रिज (293 करोड़ रुपये) और छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं (3,176 करोड़ रुपये)। मिसाइल परीक्षण केंद्र में एक प्रक्षेपण केंद्र, तकनीकी उपकरण सुविधाएं, स्वदेशी रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल सिस्टम शामिल होंगे, जो देश की रक्षा तैयारियों को बढ़ाएंगे। विशाखापत्तनम के मधुरवाड़ा में पीएम एकता मॉल या यूनिटी मॉल की परिकल्पना राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देने, मेक इन इंडिया पहल का समर्थन करने, 'एक जिला एक उत्पाद' पहल को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर पैदा करने, ग्रामीण कारीगरों को सशक्त बनाने और स्वदेशी उत्पादों की बाजार में उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से की गई है।

जिन छह राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की उन्होंने आधारशिला रखी, उनमें एनएच के विभिन्न खंडों का चौड़ीकरण, एलिवेटेड कॉरिडोर, हाफ क्लोवर लीफ और रोड ओवर ब्रिज का निर्माण शामिल है। ये परियोजनाएं कनेक्टिविटी, अंतर-राज्यीय यात्रा को बढ़ाएंगी, भीड़भाड़ को कम करेंगी और समग्र रसद दक्षता में सुधार करेंगी।

इसी तरह, गुंटकल पश्चिम और मल्लप्पा गेट स्टेशनों के बीच रेल ओवर रेल के निर्माण का उद्देश्य मालगाड़ियों को बायपास करना और गुंटकल जंक्शन पर भीड़भाड़ को कम करना है। इसी तरह, पीएम ने 254 करोड़ रुपये की तीन रेलवे परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया, जिसमें दोहरीकरण और तिहरीकरण परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी ने 3,860 करोड़ रुपये की लागत वाली आठ राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जो तिरुपति, श्रीकालहस्ती, मालाकोंडा और उदयगिरि किला जैसे धार्मिक और पर्यटन स्थलों तक निर्बाध संपर्क प्रदान करती हैं।

हमारे युवाओं को दूसरे राज्य में नहीं जाना पड़ेगा- पवन कल्याण- वहीं इस कार्यक्रम की शुरूआत के दौरान आंध्र प्रदेश के डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा, 'हमारे युवाओं को बैंगलोर, चेन्नई और हैदराबाद जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जल्द ही आंध्र प्रदेश सभी लोगों के लिए नौकरियां उत्पन्न करेगा और देश-दुनिया भर से प्रतिभाओं को आकर्षित करेगा'

पहलगाम आतंकी हमला देश के लिए काला दिन- पवन कल्याण- डिप्टी सीएम पवन कल्याण ने कहा, 'पहलगाम आतंकवादी हमला पूरे देश के लिए सबसे काले दिनों में से एक रहा है...हमने पीड़ितों के दर्द को व्यक्तिगत रूप से देखा है। प्रधानमंत्री मोदी इस कठिन समय में देश का नेतृत्व कर रहे हैं और उन्होंने सभी नागरिकों को आतंकवाद के अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मैं जानता हूं कि यह बहुत संवेदनशील समय है...इस अत्यंत कठिन क्षण के बीच भी मोदी जी ने समय निकाला और आज अमरावती आए। यह आंध्र प्रदेश के लोगों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दशार्ता है'।

## सीएम योगी का निर्देश, निजी पॉलिटेक्निक संस्थानों को भी एसआईआरएफ रैंकिंग में

उन्होंने कहा कि किसी भी संस्थान में नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत करते समय स्थानीय औद्योगिक आवश्यकताओं एवं संभावनाओं को प्राथमिकता दी जाए।

**युवा शक्ति को तकनीकी रूप से सशक्त बनाना प्राथमिकता है-** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि तकनीकी एवं व्यावसायिक शिक्षा को उद्योगों से और अधिक गहराई से जोड़ा जाए तथा प्रत्येक छात्र को प्रशिक्षण के साथ एक निश्चित अवधि की औद्योगिक इंटर्नशिप सुनिश्चित कराई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति को तकनीकी रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाना सरकार की प्राथमिकता है। शिक्षा केवल प्रमाण-पत्र प्राप्ति का माध्यम न होकर एक व्यावहारिक, कौशलपूर्ण एवं उपयोगी प्रणाली होनी चाहिए।

## नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया और राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ीं, कोर्ट ने भेजा नोटिस

इससे पहले नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर शिकंजा कसते हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपपत्र दायर किया था। ईडी ने दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल किया था। ईडी ने सोनिया और राहुल नेताओं को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है। आरोपपत्र में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा, सुमन दुबे समेत कई नेताओं के नाम भी शामिल हैं।

क्या है नेशनल हेराल्ड मामला?- नेशनल हेराल्ड समाचार पत्र की स्थापना 1938 में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी। यह स्वतंत्रता संग्राम का प्रतीक था, इसे एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड यानी एजेएल की तरफ से प्रकाशित किया जाता था। साल 2008 में वित्तीय संकट के बाद समाचार पत्र बंद हो गया और यहीं से इस विवाद की शुरूआत हुई। इसके बाद 2010 में यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएल) नाम की कंपनी बनीं, जिसमें सोनिया गांधी और राहुल गांधी की 38-38% हिस्सेदारी है। इस मामले में भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2012 में आरोप लगाया कि वाईआईएल ने एजेएल की 2000 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्तियों को मात्र 50 लाख रुपये में हासिल कर लिया और यह धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग का मामला है।

## मायावती बोलीं- बसपा ही ओबीसी की हितैषी, बहुजन कल्याण के लिए भाजपा-कांग्रेस पर भरोसा करना घातक

वैसे भी कांग्रेस एवं भाजपा आदि की अगर नीयत व नीति बहुजन समाज के प्रति पाक-साफ होती तो ओबीसी समाज देश के विकास में उचित भागीदार बन गया होता, जिससे इनके मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर का आत्म-सम्मान व स्वाभिमान का मिशन सफल होता हुआ जरूर दिखता।

लेकिन बाबा साहेब एवं बसपा के अनवरत संघर्ष के कारण ओबीसी समाज आज जब काफी हद तक जागरुक है तो दलितों की तरह ओबीसी वोटों के लिए ललायित इन पार्टियों में इनका हितैषी दिखने की स्वार्थ व मजबूरी है, अर्थात स्पष्ट है कि ओबीसी का हित बसपा में ही निहित है, अन्यत्र नहीं।

अतः 'वोट हमारा राज तुम्हारा-नहीं चलेगा' के मानवतावादी संघर्ष को सही व सार्थक बनाकर अपने पैरों पर खड़े होने का समय करीब है जिसके लिए कोताही व लापरवाही घातक तथा भाजपा व कांग्रेस आदि पार्टियों पर दलित, ओबीसी समेत बहुजन-हित, कल्याण व उत्थान हेतु भरोसा करना ठीक नहीं है।

बता दें कि केंद्र की मोदी सरकार ने जाति जनगणना कराने की घोषणा कर दी है। इस मुद्दे का कांग्रेस सहित सभी दलों ने स्वागत किया है।

## पहलगाम के बाद इस मुस्लिम देश के मंत्री आ रहे भारत, ट्रंप से है 36 का आंकड़ा, पाकिस्तान को लगेगी मिर्ची

सूत्रों ने बताया कि अब्बास अराघची विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ पहलगाम हमले के सभी पहलुओं के अलावा द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक महत्व के अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

इससे पहले अब्बास अराघची ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया था, भारत और पाकिस्तान ईरान के भाईचारे के पड़ोसी हैं, जो सदियों पुराने सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों में निहित संबंधों का आनंद ले रहे हैं। अन्य पड़ोसियों की तरह, हम उन्हें अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता मानते हैं। उन्होंने कहा कि तेहरान इस कठिन समय में अधिक समझ बनाने के लिए इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपने अच्छे कार्यालयों का उपयोग करने के लिए तैयार है। ईरानी मंत्री ने पाकिस्तान के उप प्रधान मंत्री और विदेश मंत्री मुहम्मद इशाक डार से भी बात की और स्थिति पर चर्चा की।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की और आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि दोनों नेता इस बात पर सहमत हुए कि इस तरह के आतंकी कृत्यों को उचित नहीं ठहराया जा सकता और मानवता में विश्वास रखने वाले सभी लोगों को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक साथ खड़ा होना चाहिए। पीएम मोदी ने भारत के लोगों के गुस्से और पीड़ा को भी साझा किया और आतंकी हमले के पीछे के लोगों और उनके समर्थकों से दृढ़ता और निर्णायक रूप से निपटने के उनके संकल्प को भी साझा किया।

## मुसलमानों और कश्मीरियों के पीछे न पड़ें

पहलगाम हमले, जिसका भारतीय जांचकताओं ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों से संबंध होने का पता लगाया है, ने नई दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच तनाव को काफी हद तक बढ़ा दिया है, अमेरिका ने दोनों देशों से शत्रुता को कम करने के लिए मिलकर काम करने का आग्रह किया है। गुरुवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने दक्षिण एशिया में शांति और सुरक्षा बनाए रखने पर जोर देने के लिए विदेश मंत्री एस जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ अलग-अलग बातचीत की।

# बड़ौत कांग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा व जातिगत जनगणना पर समर्थन बैठक आयोजित

## डा. गिरिजा व्यास को दी गई श्रद्धांजलि, राहुल गांधी की पहल को सराहा गया

**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। बड़ौत शहर स्थित दिल्ली बस स्टैंड के निकट कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर शनिवार को कांग्रेस जनों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बड़ौत शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री रामहरी पंवार ने की, जबकि संचालन श्री बिजेन्द्र शर्मा एवं श्री निशान्त चौधरी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

बैठक की शुरूआत कांग्रेस की वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री डा. गिरिजा व्यास के दुखद निधन पर गहरे शोक के साथ हुई। उपस्थित सभी कांग्रेस जनों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके योगदान को याद किया।



इसके पश्चात बैठक में केंद्र सरकार द्वारा जातिगत जनगणना को लेकर लिए गए हालिया निर्णय पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि माननीय नेता प्रतिपक्ष (लोकसभा) श्री राहुल गांधी विगत कई वर्षों से देश में जातिगत जनगणना कराए जाने की लगातार मांग कर रहे थे। बड़ौत शहर कांग्रेस अध्यक्ष रामहरी पंवार ने कहा कि यह निर्णय राहुल गांधी की दूरदर्शिता, सामाजिक समरसता के प्रति प्रतिबद्धता एवं उनके लगातार प्रयासों का परिणाम है कि अब केंद्र सरकार जातिगत जनगणना के पक्ष में कदम उठाने को बाध्य हुई है।

बैठक में उपस्थित समस्त कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी के इस प्रयास को सार्थक पहल₹ और जनता के अधिकारों के प्रति जिम्मेदार नेतृत्व₹ करार दिया। सभी कार्यकताओं ने मिलकर राहुल गांधी को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया और एकजुट होकर आगामी समय में पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः

पूर्व जिला पंचायत सदस्य चौधरी रामवीर सिंह, रविन्द्र तोमर, अनुज कुमार, आशु पंडित, निशान्त चौधरी, देवेन्द्र शर्मा, कृष्णहरी पंवार, बिजेन्द्र शर्मा, हरबीर सिंह, डा. सुभाष, प्रवीण रूहेला, महेंद्र, औकार दत्त आदि।

बैठक सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई और अंत में राष्ट्रीय एकता और सामाजिक न्याय की भावना को और मजबूत करने का आह्वान किया गया।

# परिवहन विभाग ने 68 वाहनों के काटे चालान, 50 वाहनों को किया निरुद्ध

**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत। 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक ई रिक्शा एवं टेंपो के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत परिवहन विभाग बागपत द्वारा 68 चालान किए गए एवं उनमें से 50 वाहनों को निरुद्ध किया गया।

एआरटीओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग द्वारा 257 वाहनों का चालान किया गया एवं उनमें से 117 वाहनों को निरुद्ध किया गया। अभियान के अंतर्गत बागपत जनपद के सभी ई- रिक्शा डीलरों की कार्यालय में मीटिंग बुलाई गई, जिसमें सभी डीलरों को निर्देश दिया गया कि आपके द्वारा विक्रय किया गया है कोई भी अपंजीकृत वाहन,रोड पर चलता पाया जाता है तो डीलर के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।



साथ ही सभी डीलर एवं ई- रिक्शा मालिकों से उन्होंने कहा कि बिना-पंजीकृत एवं जुगाड़ ई-रिक्शा को रोड पर ना लाएं, अन्यथा उसके खिलाफ थाने में निरुद्ध की कार्यवाही की जाएगी, जो सिर्फ स्क्रैप में ही कटेगी।

# अमरोहा कोर्ट में चला चेकिंग अभियान एसपी के आदेश पर टीम ने की गहन चेकिंग मॉक ड्रिल भी कराई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**

अमरोहा उत्तर प्रदेश -अमरोहा जनपद न्यायालय में शुक्रवार को सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर एएस चेक टीम और डॉग स्क्वायड ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया टीमों ने न्यायालय परिसर में आने जाने वाले लोगों और वाहनों की गहन जांच की सभी से आवागमन का कारण पूछा गया सुरक्षा उपकरणों की जांच के दौरान मेटल डिटेक्टर स्कैनर मशीन और सीसीटीवी कंट्रोल रूम को परखा गया।



सुरक्षा टीम ने डीएफएमडी एच एचएमडी और हैंड सेट की कार्य प्रणाली की जांच की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया इस दौरान प्रभारी निरीक्षक न्यायालय सुरक्षा विनय कुमार और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे

# एक राष्ट्र, एक चुनाव पर हस्ताक्षर अभियान




**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर। एक राष्ट्र, एक चुनाव की अवधारणा को लेकर देशभर में बढ़ती चर्चा के बीच शहर में गोष्ठी, जागरूकता अभियान और हस्ताक्षर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन दुल्हन बैंक्वेट हॉल में विभिन्न सामाजिक संगठनों, और शिक्षण संस्थानों के सहयोग से संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी, महिला प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और आम नागरिकों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चंद्रमोहन जी ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव से सरकारी संसाधनों की बबार्दी रुकेगी साथ ही सुरक्षा बलों पर दबाव भी कम होगा, जिसे आमजन की भागीदारी मतदान में बढ़ेगी एवं देश का लोकतंत्र भी मजबूत होगा।

गोष्ठी में मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने कहा कि एक राष्ट्र, एक चुनाव की संकल्पना भारतीय लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि बार-बार चुनाव कराने से देश की विकास गति बाधित होती है, सरकारी खर्च बढ़ता है और प्रशासनिक संसाधनों पर अत्यधिक दबाव पड़ता है। हम चाहते हैं कि लोग न सिर्फ इस विषय को समझें बल्कि सक्रिय भागीदारी भी निभाएं,

इस अवसर पर डॉ योगेश सिंघल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में अगर लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ कराए जाएं तो इससे न सिर्फ चुनावी खर्च में भारी कटौती होगी, बल्कि नीति-निर्माण में भी स्थिरता आएगी। उन्होंने बताया कि एक साथ चुनाव होने से सरकारें अपने पूरे कार्यकाल पर ध्यान केंद्रित कर पाएंगी, बार-बार आचार संहिता के दायरे में आकर विकास कार्यों को रोकना नहीं पड़ेगा।

इस अवसर पर मंच पर उपस्थित रहे पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश सिंघल ,चेयरमैन विनोद वैशाली , गिन्नी देवी कॉलेज की पूर्व प्रिंसिपल डॉ रीता बख्शी , भाजपा मंडल अध्यक्ष आकाश शर्मा , अमित चौधरी ने भी अपने विचार साझा किये

कार्यक्रम के दौरान एक हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया जिसमें नागरिकों ने एक राष्ट्र, एक चुनाव के समर्थन में हस्ताक्षर कर इस पहल को समर्थन दिया।

# मैनपुरी में सब इंस्पेक्टर की सड़क हादसे में मौत, बाइक पर जांच के लिए जा रहे थे तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, चालक कार छोड़कर हुआ फरार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**



मैनपुरी - बेवर थाना क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में सब इंस्पेक्टर राकेश गौतम की मौत हो गई। वह आईजीआरएस की शिकायत की जांच के लिए जा रहे थे घटना बेवर - फरुर्खाबाद मार्ग पर गांव दह-ेड़ मोड़ के पास हुई। फरुर्खाबाद की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार (वढ 84 अङ 4975) ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल सब इंस्पेक्टर को पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया मृतक सब इंस्पेक्टर हाथरस के थाना सादाबाद क्षेत्र के गांव लाल गढ़ी के रहने वाले थे। वह पिछले डेढ़ साल से बेवर थाने में तैनात थे। कार चालक वाहन को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है और वे हाथरस से मैनपुरी के लिए रवाना हो गए हैं।

## फजी दस्तावेजों के सच्चा बड़ा खेल, जांच में खुला राज; हर कोई हैरान है

**नेशनल प्रेस टाइम्स , ब्यूरो।**

मोदीनगर । कहावत है चोर चोरी से जाए, हेराफेरी से नहीं₹, और कुछ ऐसी ही वाकया सामने आई है मोदीनगर में, जहां एक 12 साल के पैमाने की जमीन को ठगों ने फर्जी शिकार की तैयारी कर अपना नाम लिया। ये मामला जब खुला तो हर कोई भौचक्का रह गया।

मेन्स आकाश चौधरी का आरोप है कि रजिस्ट्री कार्यालय में किसी और व्यक्ति की कृषि भूमि को उसके स्थान पर खड़ा करके बैनामे की प्रक्रिया पूरी कर दी गई। पाठकों में इस किरदार की दिलचस्प बात यह है कि पहली नजर में कोई शक भी न करे। यह वाक्य मोदीनगर तहसील के रघुनाथपुर गांव में हुआ

# जीडीए ने मुरादनगर में अवैध निर्माण किये ध्वस्त, भारी विरोध के बावजूद नहीं रुका पीला पंजा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादनगर क्षेत्र में फैली लगभग 40 बीघा जमीन पर की गई अवैध प्लॉटिंग पर आज प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया। जलालूपुर, सूरना और बसंतपूर सैंथली गांवों में सड़क और बाउंड्रीवॉल किए गए ध्वस्त यह कार्रवाई विकास प्राधिकरण की संयुक्त टीम द्वारा की गई, पुलिस बल अधिकारी भी मौजूद रहे।

सूत्रों के अनुसार, मुरादनगर के बाहरी क्षेत्र में बिना किसी वैध अनुमति के कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनी विकसित की जा रही थी। यहां पर न तो कोई लेआउट स्वीकृत हुआ था और न ही बुनियादी सुविधाओं की कोई व्यवस्था की गई थी। बावजूद इसके, जमीन के छोटे-छोटे टुकड़ों में प्लॉट काटकर लोगों को बेचे जा रहे थे।

प्रशासन को इस बारे में लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके बाद जांच के उपरांत यह कार्रवाई अमल में लाई गई।

# सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता से की मुलाकात

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो।**

मोदीनगर लोकसभा सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान ने दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता से शिष्टाचार भेंट की। इस मुलाकात में डॉ. सांगवान ने मोदीनगर–बागपत रूट पर इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू करने का प्रस्ताव रखा

डॉ. सांगवान ने बताया किबताया कि 15 साल पहले दिल्ली से मोदीनगर, पतला, निवाड़ी और धौलड़ी के लिए डीटीसी बसें चलती थीं दैनिक यात्रियों, विद्यार्थियों और नौकरीपेशा लोगों को इस मार्ग पर प्रतिदिन कठिनाई का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि यदि इस रूट पर इलेक्ट्रिक बस सेवा शुरू होती है, तो न केवल यात्रियों को बेहतर परिवहन सुविधा मिलेगी बल्कि प्रदूषण नियंत्रण में भी मदद मिलेगी।



उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि मोदीनगर, बागपत और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग दिल्ली के विभिन्न इलाकों में रोजगार और शिक्षा के लिए आते हैं। मौजूदा समय में सार्वजनिक परिवहन की सीमित सुविधा के कारण लोगों को महंगे और असुविधाजनक विकल्पों का सहारा लेना पड़ता है। इससे क्षेत्र के लोगों को दिल्ली आने–जाने में सुविधा होगी।

# बेशकीमती पट्टा आवंटन जमीनों की जांच के लिए डीएम ने बनाई कमेटी

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।डीएम अनुज सिंह ने त्रिलोकपुर में हाल में हुए पट्टे की शिकायत का संज्ञान लेकर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है। ये समिति मुरादाबाद शहर के आसपास लोकहित की बहुमूल्य भूमियों को अपात्र व्यक्तियों द्वारा विधि विरुद्ध तरीके से आवंटन के सम्बन्ध में जांच करेगी।




रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई- समित की रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई भी की जाएगी। विगत वर्षों के अंतर्गत जो भी कृषि आवंटन,आवास आवंटन, पौधरोपण आवंटन इत्यादि के कीमती जमीनों के पट्टे आवंटित किए गए हैं, उनकी जांच इस समिति द्वारा निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ की जाएगी। जिलाधिकारी ने समिति को निर्देशित किया कि प्रश्नगत प्रकरण में गहनता से अभिलेखीय एवं स्थलीय जांच कर लें।

पट्टा आवंटन होगा निरस्त= यदि जांच में किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी जाती है तो पट्टा निरस्तीकरण की कार्रवाई के साथ-साथ संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए जांच आख्या 15 दिवस में प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। पट्टे से हुई सरकारी नुकसान भी आंकलन समिति द्वारा किया जाएगा।

# राधा किचन और ब्लाउज होम ब्यूटी सेंटर का भव्य उद्घाटन

**नेशनल प्रेस टाइम्स, ब्यूरो।**

मोदीनगर। राधा किचन और ब्लाउज होम ब्यूटी सेंटर का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ हुआ।

इस अवसर पर भोजपुर मंडल अध्यक्ष एवं युवा एकता सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका चौधरी ने कार्यक्रमों में प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।



समारोह में राज्य मंत्री संजीव सावंत, किसान मोर्चा के जिला मंत्री संजय त्यागी जी, मंडल अध्यक्ष सचिव त्यागी जिला उपाध्यक्ष श्रीशेष चौधरी एवं भोजपुर मंडल के जिला मंत्री सावेषी चौधरी की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी पार्टियों ने नवप्रारंभित स्मारकों को भविष्य की शुभकामनाओं का निर्धारण किया।

# नकदी के अभाव में शोपीस बने एटीएम, कस्टमर परेशान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद।ठाकुरद्वारा नगर में एटीएम शोपीस बन गए हैं। जिसमें लोगो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे नगरवासियों के अलावा बाहर से आने वाले लोगों को जरूरत पड़ने पर नगदी के लिए भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है।

नगर में राष्ट्रीयकृत बैंकों ने दर्जनों एटीएम तो लगा दिया गया है, लेकिन इसमें रुपये डालने में लापरवाही देखने को मिल रही है। इसका परिणाम यह है कि 24 घंटे एटीएम से रुपये देने का दावा करने वाले राष्ट्रीयकृत बैंकों के एटीएम दिन हो या रात केवल शोपीस बन गए हैं। जिसमें लोगो को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इससे नगरवासियों के अलावा बाहर से आने वाले लोगों को जरूरत पड़ने पर नगदी के लिए भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी का यहां कई निजी अस्पतालों में इलाज कराने वाले मरीजों के तीमारदारों को उठानी पड़ रही है। ऐसा नहीं है कि इस मामले में बैंक के जिम्मेदारों को जानकारी नहीं है, बावजूद न तो इस समस्या को दूर करने का प्रयास हो रहा है न ही इनकी मॉनीटरिंग की जा रही है।




ग्राहकों को काफी मशक्कत का करना पड़ रहा है सामना– नगर में मुख्य मार्ग–चौराहे व तिराहों पर राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों ने एटीएम खोलने में जितनी तेजी दिखाई थी। लेकिन अब इन एटीएम में रुपये डालने में उतनी तेजी नहीं दिखा रहे हैं। हालात यह है कि दिन हो रात के समय नगर के अलग अलग जगहों पर लगे एटीएम में रुपया न होने पर लोग वापस हो रहे हैं। इससे सबसे अधिक नुकसान उन ग्राहकों का हो रहा है, जिनके घर के मुखिया बाहर रहते हैं और वह अभी तक एटीएम से रुपये निकाल रहे थे। इसके अलावा नगर में कई बड़े निजी अस्पताल होने के चलते जिले के अलावा इलाज कराने वाले मरीजों के तीमारदारों को एटीएम के खाली होने पर यह लोग नगदी के लिए इधर–उधर भटक रहे हैं। जिसमें इस समस्या को लेकर शुक्रवार की रात में नगर में लगे एटीएम की हकीकत जांचने का प्रयास किया। जहां टीम को कुछ एटीएम बंद मिला। वहीं मार्केट में एटीएम खुला तो मिला, लेकिन इसमें नकदी नहीं था। एटीएम से रुपये नहीं मिलने के कारण ग्राहकों को बैंकों में लंबी लाइन में खड़े होना पड़ रहा है। ग्राहकों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

# संपादकीय

## भाजपा के दांव से असमंजस में विपक्ष

लंबे समय तक असहमति के बाद आखिरकार भाजपा नेतृत्व वाली राजग सरकार ने घोषणा कर दी है कि जाति गणना अगली जनगणना का हिस्सा होगी। बहरहाल, भाजपा ने विपक्ष के जातीय गणना के मुद्दे की हवा निकाल दी है। यह आश्चर्यजनक निर्णय विषम परिस्थितियों के बीच आया है जब देश को उम्मीद थी कि सरकार पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई करेगी। हालांकि, भाजपा ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित चुनावी प्राथमिकताओं से प्रभावित नहीं होंगे। निस्संदेह, राजग का अल्पकालिक लक्ष्य इस साल के अंत में बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव जीतना है। वहीं बड़ा उद्देश्य देशभर में जाति के मुद्दे पर कांग्रेस और अन्य प्रतिद्वंद्वी दलों को पछाड़ना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिसंबर 2023 में यह कहकर चीजों को सरल बनाने की कोशिश की थी कि देश में चार ही जातियां हैं- महिलाएं, युवा, किसान और गरीब। यही वजह है कि ध्रुवीकरण की अपनी ताकत के प्रति आश्वस्त भगवा पार्टी ने विपक्ष को जाति का कार्ड खेलने दिया। हालांकि, इसका झटका भाजपा को 2024 के लोकसभा चुनाव में लगा। ये परिणाम भाजपा के लिये आंख खोलने वाला था। हालांकि, वह नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल युनाइटेड और चंद्रबाबू नायडू की तेलुगू देशम पार्टी के सहयोग से किसी तरह सरकार बनाने में कामयाब हो गई। इस बात में कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि गठबंधन की मजबूरियों के चलते ही भाजपा को जाति जनगणना के मुद्दे पर यह फैसला लेना पड़ा है। हालांकि, कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के दबाव ने भी इस निर्णय में बड़ी भूमिका निभाई है। एक अन्य प्रमुख कारण भीमराव अंबेडकर की विरासत को लेकर खींचतान भी है। कोई भी राजनीतिक दल सामाजिक न्याय के उनके महान सपने को पूरा करने के लिये आधे-अधूरे दृष्टिकोण को अपनाने का जोखिम नहीं उठा सकता, खासकर भाजपा। कहा जा रहा है कि जाति जनगणना के जरिये नीति निमार्ताओं को विशिष्ट समुदायों की आवश्यकता के अनुसार कल्याणकारी योजनाएं बनाने में मदद मिलेगी। इसमें दो राय नहीं कि जाति आधारित जनगणना में पारदर्शी सूचनाओं के संग्रह और डेटा के सार्थक उपयोग से सामाजिक असमानताओं को दूर करने में काफी हद तक मदद मिल सकती है। लेकिन साथ ही यह भी जरूरी है कि इसके लिये समय सीमा तय की जाए, क्योंकि पहले ही जनगणना में काफी देरी हो चुकी है। यह भी हकीकत है कि केंद्र सरकार के लिये अगली जनगणना के साथ ही जाति गणना कराने का फैसला खासा चुनौतीपूर्ण है। जिसके गहरे निहितार्थ सामने आ सकते हैं, जो राजनीतिक व सामाजिक परिदृश्य में बदलावकारी प्रभाव छोड़ सकते हैं। बहुत संभव है कि इसके बाद आबादी के अनुपात में आरक्षण की मांग भी जोर पकड़े। लेकिन प्रथम दृष्टया भाजपा विपक्ष के बड़े हथियार को हथियाने में सफल रही है। उल्लेखनीय है कि साल 1931 तक हुई जनगणना में जाति गणना भी शामिल रही है, लेकिन स्वतंत्र भारत में इसकी आवश्यकता को नकार दिया गया। हालांकि, अनुसूचित जाति और जनजाति की गणना की जाती रही। वैसे साल 2011 में सामाजिक व आर्थिक उद्देश्यों के लिये जाति गणना की तो जरूर गई, लेकिन विसंगतियों के चलते आंकड़ों को सार्वजनिक नहीं किया गया। जबकि पिछले कुछ समय से विपक्ष आरक्षण को तार्किक बनाने के लिये जाति गणना की वकालत करता रहा है। हालांकि, पहले भाजपा भारतीय समाज के हित में जाति गणना के प्रस्ताव को अप्रासंगिक बताती रही है, लेकिन देश के राजनीतिक परिदृश्य में विपक्ष द्वारा इसे बड़ा मुद्दा बनाने के बाद केंद्र को इस बाबत फैसला लेने को बाध्य होना पड़ा। हालांकि, इस गणना के आंकड़े सामने आने के बाद आबादी के अनुरूप आरक्षण देने की मांग जोर पकड़ सकती है। कुछ राज्यों के अनुभव इस बात की पुष्टि करते हैं। पिछले दिनों कांग्रेस शासित कर्नाटक में ऐसे जातिगत गणना के आंकड़े लीक होने पर खासा विवाद सामने आया है। हालांकि, राजग सरकार दलील दे रही है कि जातिगत जनगणना से देश सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त होगा।

# वर्तमान पत्रकारिता की दशा और दिशा

सरकार देश की हो या प्रदेश की, पत्रकारों के प्रति उसका रवैया उचित नहीं रहा है। सरकार जहाँ पत्रकारों के आवश्यकताओं की लगातार अनदेखी कर रही है तो वहीं उनके उत्पीड़न जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के बजाय इनमें लचर नीति अपनाई जा रही है। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ होता है, लेकिन देखा जाए तो दिन-प्रतिदिन यह चौथा स्तंभ कमजोर होता जा रहा है। इसकी आवाज को दबाने का चक्र रचा जा रहा है। लोकतंत्र सेनानियों, सांसद, विधायकों की भांति पत्रकारों को यह मानदेय देने के साथ ही पत्रकार एक्ट का गठन, सरकार द्वारा पत्रकार आयोग बनाये जाने की मांग पत्रकारों के विभिन्न संगठन समय-समय पर करते आए हैं, ताकि उनके मान-सम्मान और अधिकार की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कहने को तो पत्रकार भीड़ का हिस्सा नहीं हैं, देखा जाए तो भीड़ में पत्रकारों के साथ जिस प्रकार से सौतेला व्यवहार किया जाता है

समाचार पत्र और पत्रकार (मीडिया) समाज के दर्पण कहे जाते हैं। समाज को आज भी इनसे काफी उम्मीदें हैं। समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति न्याय की खातिर अपनी बात को शासन-सत्ता के शीर्ष पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचाने में जब असमर्थ हो जाता है तो वह इस दर्पण रूपी समाचार पत्र और पत्रकार की शरण में आता है। वह इस खातिर कि मीडिया के माध्यम से उसकी आवाज को संबंधित व्यक्ति तक जरूर पहुंचाया जा सकता है। उसे विश्वास होता है, आखिरकार हो भी क्यों न, पत्रकारिता का इतिहास ही इतना गौरवमई है। अगर बात करें देश के आजादी या नौकरशाही के विरुद्ध बिगुल बजाने की तो ऐसे अनगिनत उदाहरण हैं जब समाचार पत्रों और पत्रकारों ने समाज के शोषितों, पीड़ितों, गरीबों और मजलूमों की आवाज बनकर शासन-सत्ता से लेकर नौकरशाहों को आड़े हाथ लिया है। देश की आजादी में भी पत्रकारिता का बहुत बड़ा और महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जिसको भुलाया नहीं जा सकता है। स्वतंत्रता आंदोलन के महानायकों के साथ-साथ पत्रकारिता के महानायकों ने भी अपनी कलम रूपी तलवार से अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने का कार्य किया। तब जब संसाधनों का अभाव हुआ करता था, पत्रकारिता का अपना एक लक्ष्य और मिशन था। इस मिशन भरी पत्रकारिता में तमाम तरह की परेशानियां थीं, बावजूद इसके उस दौर की पत्रकारिता के महानायकों ने कलम की ताकत को कभी झुकने नहीं दिया था। उनकी कलम आग उगला करती थी।

कालांतर में व्यवस्थाएं बदलीं हैं, संसाधन बदले हैं तो पत्रकारिता की जिम्मेदारियां भी बढीं हैं। काफी कुछ बदलाव भी हुआ है। खासकर सोशल मीडिया के युग में प्रिंट मीडिया की महत्ता कहने को भले ही घटी है, लेकिन देखा जाए तो इसकी उपयोगिता नहीं घटी है, बल्कि जिम्मेदारियां बढ़ी हैं। इन्हीं के साथ आज की पत्र और पत्रकारिता के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां भी सामने खड़ी हुई हैं। इन चुनौतियों में से सबसे प्रमुख चुनौती पत्रकारिता में बढ़ते घुसपैठ की है। आज की ह्यमिशन




पत्रकारिताह्न में ऐसे घुसपैठियों की एंट्री तेजी से हुई है, जिन्हें पत्रकारिता के उसूलों और सिद्धांतों से कोई लेना-देना या सरोकार नहीं है। यदि उन्हें कुछ सरोकार है तो सिर्फ अपने निजी स्वार्थों का, जिनके चलते पत्रकारिता की गरिमा दिनोंदिन धूल धूसरित होती जा रही है। जिस प्रकार से पत्रकारिता में घुसपैठियों की भरमार होती जा रही है, वह न केवल चिंतनीय है, बल्कि पत्रकारिता की गरिमा के विपरीत भी है। जिनके काले-कारनामों की वजह से पत्रकारिता की गरिमा को ठेस भी पहुंचा है। यदि गौर से देखा जाए तो इस अव्यवस्था के लिए कोई और नहीं बल्कि अपने लोग ही जिम्मेदार हैं। चंद पैसों की खातिर पत्रकारिता के उसूलों और सिद्धांतों को ताक पर रख मिशन को ह्यकमीशनह्न में परिवर्तित कर दुकानदारी चलाने वाले कुछेक लोगों ने इस क्षेत्र का माखौल उड़ाने का कार्य किया है। जिनकी करतूतों से कहीं न कहीं मिशन पत्रकारिता को जीवित रखने वाले उन महान मनीषियों की आत्मा को ठेस पहुंच रहा है, जिन्होंने अपने जीवन प्रयत्न पत्रकारिता को मिशन की भांति जीने का कार्य किया है।

अपने मिशन से भटक आज की पत्रकारिता कई गुटों में बंटी नजर आती है। जिसने पत्रकारों को एकता के सूत्र में पिरोने की बजाय उन्हें भटकाव की राह पर ला खड़ा किया है। कहना गलत नहीं होगा कि शौचालय से लेकर सचिवालय तक के लोग अपनों पर आने वाली आपदा-विपदा के दौरान न केवल एक साथ खड़े नजर आते हैं, बल्कि डंके के साथ अपनी बातों को मनवाने में कामयाब भी होते हैं। लेकिन वही बात जब पत्र और पत्रकार की आती है तो यह अलग-अलग नजर आते हैं। अपराधी से लेकर अधिकारी तक के प्रताड़ना से जूझते कलमकारों के समक्ष कई गंभीर चुनौतियां उत्पन्न हुई हैं। बात करें यदि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता की, तो आज इनकी राह न केवल दुरूह हो चुकी है, बल्कि जोखिम के साथ काफी दुर्गम भी हो गई है। हाल के वर्षों में देश के कई राज्यों में पत्रकारों के ऊपर हुए हमले यह बताने के लिए काफी हैं कि वर्तमान पत्रकारिता की राह में अब रोड़े उत्पन्न किए जा रहे हैं। नौकरशाही जहां सत्यता से भरी पत्रकारिता को पचा नहीं पा रहा है तो वहीं अपराधी अपने कृत्यों को उजागर होने से रोकने के लिए पत्रकार के राह में रोड़ा बन रहा है। खासकर ग्रामीण पत्रकारों के समक्ष ऐसी तमाम चुनौतियां और परेशानियां उत्पन्न हुई हैं, जिनके बीच से गुजरते हुए उन्हें जोखिम भरी पत्रकारिता करनी पड़ रही है। बावजूद इसके शासन-सत्ता समाचार पत्र और पत्रकारों की सुरक्षा के प्रति गंभीर नहीं है, जो बेहद चिंतनीय विषय है।

सरकार देश की हो या प्रदेश की, पत्रकारों के प्रति उसका रवैया उचित नहीं रहा है। सरकार जहाँ पत्रकारों के आवश्यकताओं की लगातार अनदेखी कर रही है तो वहीं उनके उत्पीड़न जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई के बजाय इनमें लचर नीति अपनाई जा रही है। पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ होता है, लेकिन देखा जाए तो दिन-प्रतिदिन यह चौथा स्तंभ कमजोर होता जा रहा है। इसकी आवाज को दबाने का चक्र रचा जा रहा है। लोकतंत्र सेनानियों, सांसद, विधायकों की भांति पत्रकारों को यह मानदेय देने के साथ ही पत्रकार एक्ट का गठन, सरकार द्वारा पत्रकार आयोग बनाये जाने की मांग पत्रकारों के विभिन्न संगठन समय-समय पर करते आए हैं, ताकि उनके मान-सम्मान और अधिकार की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कहने को तो पत्रकार भीड़ का हिस्सा नहीं हैं, देखा जाए तो भीड़ में पत्रकारों के साथ जिस प्रकार से सौतेला व्यवहार किया जाता है, उससे यह समाज अपने आप को सर्वाधिक उपेक्षित लोगों में महसूस करता है। देश में पत्रकारों की समस्या के निस्तारण की व्यवस्था प्रमुखता से किए जाने की मांग लंबित पड़ी हुई है।

इसी के साथ न्यूज कवरेज के दौरान कोई आपदा या अनहोनी होने पर आर्थिक सहयोग की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने जैसे मुद्दों को लेकर भी आवाज उठती रही है, लेकिन इसमें भी भेदभाव चरम पर है। कुछेक मामलों को छोड़ दिया जाए तो इससे ग्रामीण पत्रकार उपेक्षित होता आया है। इससे यह महसूस होता है कि आज का पत्रकार चौथे स्तम्भ की जगह महज स्तम्भ बनकर रह गया है। इनके हित के बारे में सोचने के लिए सरकारों के पास न समय है और न ही प्रशासनिक अमलों द्वारा सम्मान देने की गुंजाइश है। लोगों को उनका हक और अधिकार दिलाने वाला पत्रकार आज खुद अपने अधिकार के लिए अपना हाथ-पांव मार रहा है।

हिंदी पत्रकारित दिवस का इतिहास बताते हुए पूर्व वरिष्ठ राजभाषा अधिकारी दिनेश चन्द्र बताते हैं कि 30 मई, 1826 को कोलकाता (पश्चिम बंगाल) से युगल किशोर शुक्ल ने अपने संपादन में हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र उदंत मार्तण्ड के पहले अंक का प्रकाशन किया था।

# आईजी राकेश सिंह को भावभीनी विदाई, सेवा भावना को सराहा गया



**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली ,सेवानिवृत्त हुए आईजी डॉ. राकेश सिंह के सम्मान में आयोजित फेयरवेल समारोह में अपर पुलिस महानिदेशक रमित शर्मा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य और अन्य अधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, शाल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। पूर्व प्रशासनिक अधिकारी रुवीवी जहीर अहमद ने उनके लंबे और अनुकरणीय सेवाकाल की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. सिंह ने न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि पुलिस बल को एकजुट करने में भी अहम भूमिका निभाई। विदाई समारोह में अपने अंतिम संबोधन में राकेश सिंह ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पुलिस सेवा के माध्यम से समाज को कुछ देने का अवसर उन्हें गर्व प्रदान करता है।

उन्होंने यह भी कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका समाज सेवा से जुड़ाव बना रहेगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी, मीडिया के लोग मौजूद रहे और उन्हें भावभीनी विदाई दी गई।

# बरेली रीजन की सड़कों पर दौड़ेंगी 37 नई बसें (आर एम) दीपक चौधरी

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बरेली रीजन को 37 नई बसें मिली हैं। गुरुवार को नई बसें लेने के लिए चालक और परिचालक लखनऊ रवाना हो गए हैं।

बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि नई बसों को उन रूटों पर लगाया जाएगा, जहां पर बसों की कमी है।

नई 37 बसों में रुहेलखंड और बरेली डिपो को 12-12, बदायूं को सात और पीलीभीत को छह बसें दी जाएंगी। अब तक बरेली रीजन में 726 बसों का संचालन किया जा रहा है। अब नई बसें मिलने के बाद यात्रियों का सफर आसान होगा।

एनपीटी ब्यूरो

बरेली। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बरेली रीजन को 37 नई बसें मिली हैं। गुरुवार को नई बसें लेने के लिए चालक और परिचालक लखनऊ रवाना हो गए हैं।

बरेली रीजन के आरएम दीपक चौधरी ने बताया कि नई बसों को उन रूटों पर लगाया जाएगा, जहां पर बसों की कमी है।


नई 37 बसों में रुहेलखंड और बरेली डिपो को 12-12, बदायूं को सात और पीलीभीत को छह बसें दी जाएंगी। अब तक बरेली रीजन में 726 बसों का संचालन किया जा रहा है। अब नई बसें मिलने के बाद यात्रियों का सफर आसान होगा।

# सक्षम ने हाईस्कूल में हासिल किए 97.4 फीसद अंक

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली।सक्षम ने हाईस्कूल में हासिल किए 97.4 फीसद अंक हासिल किए।

हार्टमन कालेज में आईसीएसई के हाईस्कूल छात्र सक्षम सागर ने 97.4 फीसद अंक हासिल किए. सक्षम के माता-पिता डा. शशिबाला आर्य (महिला एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष) और डा. एसके सागर (सर्जरी विभागाध्यक्ष) सुप्रसिद्ध चिकित्सक हैं और एसआरएमएस मेडिकल कालेज में मरीजों का उपचार करते हैं. इसके बावजूद सक्षम अपने माता पिता के प्रोफेशन को न अपना कर गणित में रुचि रखते हैं और उनका सपना चिकित्सक के स्थान पर इंजीनियर बनना है. वे इसके लिए आईआईटी में प्रवेश लेना चाहते हैं. सक्षम अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और ईश्वर के आशीर्वाद के साथ अपनी कड़ी मेहनत को देते हैं।




# तीन पीढ़ियों से स्वास्थ्य सेवा में समर्पित - बड़ौत के डॉ. सूरज कुमार की चेतावनी: जंक फूड से बचें, वरना भुगतने होंगे गंभीर परिणाम

**सुरेंद्र मलानिया**



बड़ौत, ज़िला बागपत (उत्तर प्रदेश) के एक सम्मानित और चिकित्सकीय परंपरा से जुड़े परिवार से आने वाले डॉ. सूरज कुमार (B.A.M.S.) ने हाल ही में लोगों को विशेष रूप से बच्चों के भोजन पर ध्यान देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जंक फूड (Junk Food) झ जैसे चिप्स, पिज्जा, बर्गर, कोल्ड ड्रिंक और इंस्टैंट नूडल्स झ बच्चों के मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास पर गंभीर असर डाल रहे हैं।

डॉ. रामसिंह क्लिनिकः बड़ौत की चिकित्सा धरोहर

इस परिवार की चिकित्सा परंपरा की नींव डॉ. रामसिंह ने रखी थी, जिनके नाम पर आज भी बड़ौत में स्थित डॉ. रामसिंह क्लिनिक₹ एक भरोसे और सेवा का प्रतीक माना जाता है।

डॉ. रामसिंह जी ने गाँव-गाँव घूमकर आयुर्वेद की शिक्षा और सेवा दी, जब न तो तकनीक थी, न सुविधाएँ।

उनके पुत्र डॉ. अशोक कुमार ने इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए वर्षों तक ग्रामीण और शहरी लोगों का उपचार किया।

अब डॉ. सूरज कुमार, तीसरी पीढ़ी के डॉक्टर के रूप में इस क्लिनिक को नई दिशा दे रहे हैं झ आयुर्वेदिक ज्ञान और आधुनिक जन-जागरूकता का संगम।

जंक फूडः धीमा जहर

डॉ. सूरज कुमार के अनुसार जंक फूड कोई तात्कालिक जहर नहीं, लेकिन धीरे-धीरे शरीर को बर्बाद करने वाली आदत है।

उनके अनुसार जंक फूड के नुकसान इस प्रकार हैः

बाल अवस्था में मोटापा, डायबिटीज और हॉर्मोनल असंतुलन तेजी से बढ़ रहे हैं।

बच्चे चिड़चिड़े, आलसी और मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो रही है, जिससे बच्चे बार-बार बीमार पड़ते हैं।

पढ़ाई में ध्यान नहीं लगना, नींद की गड़बड़ी और पेट की बीमारियाँ बढ़ रही हैं।

बच्चों को कैसे बचाएँ?

डॉ. सूरज का मानना है कि यह समस्या केवल मेडिकल नहीं, सामाजिक और पारिवारिक चेतना की भी मांग करती हैः

बच्चों को खाने के लिए मजबूर न करें, बल्कि खानपान को समझाइए।

घर पर ही स्वादिष्ट, रंग-बिरंगे और पौष्टिक व्यंजन बनाएँ, ताकि बाहर का आकर्षण घटे।

बच्चों के साथ बैठकर खाइए, ताकि वे आपसे सीखें।

स्कूलों और समाज में स्वस्थ जीवनशैली अभियान शुरू किए जाने चाहिए।

समाज के प्रति ज़िम्मेदारी

डॉ. सूरज कुमार का मानना है कि एक डॉक्टर का काम केवल दवाएँ देना नहीं, बल्कि समाज को सही दिशा में चेताना, शिक्षित करना और प्रेरित करना भी है।

उनका क्लिनिक सिर्फ इलाज का स्थान नहीं, बल्कि बड़ौत के लोगों के लिए संवाद और समाधान का केंद्र बनता जा रहा है।

डॉ. रामसिंह क्लिनिक

स्थानः बड़ौत, ज़िला बागपत (उत्तर प्रदेश)

उपलब्ध सेवाएँः आयुर्वेदिक परामर्श, बच्चों के पोषण संबंधित मार्गदर्शन, बीमारियों की रोकथाम पर जागरूकता

डॉ. सूरज कुमार (B.A.M.S.) झ संपर्क हेतु लोग स्थानीय रूप से क्लिनिक पर पहुँच सकते हैं

# दुश्वारीः शाहबाद सीएचसी पर दो एमबीबीएस डॉक्टरों पर 500 मरीजो की जिम्मेदारी, विशेषज्ञ चिकित्सकों का टोटा

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सर्जन समेत महिला चिकित्सक की दरकार

एनपीटी ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रतिदिन सुबह से ही मरीजों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है। जिला अस्पताल रामपुर की दूरी 35 किलोमीटर व मुरादाबाद के हायर सेंटर 50 किलोमीटर दूर होने के चलते शाहबाद सीएचसी पर दूर दराज से मरीज इलाज के लिए पहुंचते है। सिरौली, पटवाई, सैफनी के क्षेत्रों से भी मरीज शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के लिए आते है। मिली जानकारी के अनुसार प्रतिदिन ओपीडी के लिए लगभग 500 मरीजों का पर्चा बनता है लेकिन उनको देखते के लिए सीएचसी पर चिकित्सा अधीक्षक समेत कुल तीन एमबीबीएस डॉक्टर तैनात हैं। चिकित्सा अधीक्षक जिले पर बैठकों के साथ साथ क्षेत्र में चलाए जा रहे स्वास्थ विभाग के कई कार्यक्रमों में शामिल रहते है। तो ओपीडी के 500 मरीज सिर्फ दो डॉक्टरों के भरोसे रहते है उनको खुद को दिखाने के लिए अपनी बारी का घंटो इंतेजार करना पड़ता है। सर्जन तो छोड़िए परमानेंट महिला चिकित्सक भी सीएचसी पर तैनात नहीं है जबकि सीएचसी पर महिला चिकित्सालय के लिए सरकार के द्वारा सभी संसाधन उपलब्ध कराए गए है। बावजूद इसके शाहबाद सीएचसी पर न तो कोई सर्जन तैनात है और न ही परमानेंट महिला चिकित्सक तैनात है।

शासन की मंशा के अनुरूप हमने एक तहसील पर पांच डॉक्टरों की तैनाती कर रखी है। वहीं डॉक्टर मरीजों को देख रहे है जबकि गर्भवती महिलाओं के प्रसव के लिए हम ऑन कॉल महिला चिकित्सक की व्यवस्था कराते है। जिले पर भी सिर्फ एक ही सर्जन तैनात है। अस्पताल आने वाले हर मरीज को बेहतर इलाज मिले, यही मंशा रहती है।

**डॉ एसपी सिंह**
**सीएमओ रामपुर**

हमारे यहां तीन एमबीबीएस डॉक्टर समेत कई डॉक्टर है। ओपीडी में रोज 500 से 400 मरीज आते है।डॉक्टर ओपीडी में मरीजों को देख रहे है। डॉक्टरों की कमी की वजह से मरीजों को कुछ समय लगता है। सीएचसी पर महिला चिकित्सक की बहुत जरूरत है। हमने प्राइवेट लेडी डॉक्टर हायर कर रखी है, वही ऑपरेशन करती है।महिला मरीजों के लिए लेडी डॉक्टर की मांग हम लगातार कर रहे है।

**डॉ मोहित रस्तोगी**
**सीएचसी अधीक्षक**
**शाहबाद**

# नोटरी अधिवक्ता ने शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के पदाधिकारियों का किया स्वागत

एनपीटी ब्यूरो



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद । भारत सरकार के विधि और न्याय मंत्रालय विभाग नई दिल्ली द्वारा नामित नोटरी अधिवक्ता नीरज सिंह राजपूत ने शुक्रवार को अपने चेंबर पर शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि के पदाधिकारियों का स्वागत किया। पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने नोटरी अधिवक्ता नीरज राजपूत को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। आपको बता दें कि नोटरी अधिवक्ता बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य करता है। दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने के लिए आधिकारिक गवाह के रूप में कार्य करता है। उनकी मुख्य भूमिका यह पुष्टि करना है कि इसमें शामिल सभी पक्ष वही हैं जो वे कहते हैं कि वे हैं और वे स्वेच्छा से दस्तावेज पर हस्ताक्षर कर रहे हैं। इस दौरान शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि के अध्यक्ष आफताब, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एहसान खां, उपाध्यक्ष राजीव भटनागर, विधिक सलाहकार अभिषेक शर्मा, सदस्य जहीर खा आदि रहे।

# कई बार आंदोलन के बाद भी नहीं बना सके शाहबाद में रोडवेज अड्डा



एनपीटी ब्यूरो

उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। कई जनपदों की सीमाओं से सटी होने के बाद भी शाहबाद तहसील में रोडवेज बस स्टैंड का सपना अभी अधूरा ही है। जबकि शाहबाद में रोडवेज बस स्टैंड बनाए जाने की मांग बहुत पुरानी है। युवकों ने तो आंदोलन तक किए लेकिन नतीजा सिफर ही रहा।शाहबाद जनपद रामपुर की एक ऐसी तहसील है जिसकी सीमाएं बदायूं, बरेली, मुरादाबाद और सम्भल जनपद की सीमाओं से लगती है। जबकि यहां से रामपुर, दिल्ली, बरेली और मुरादाबाद को सवारियों का आवागमन रहता है। देर शाम होने के बाद शाहबाद के कई मार्गों पर यातायात का कोई बेहतर इंतेजाम नहीं है। रामपुर डिपो की एक बस बदायूं को जबकि पीतलनगरी डिपो की कई बसे आंवला सिरौली को शाहबाद होकर गुजरती है। रोडवेज बस स्टैंड न होने के कारण महिलाएं चौराहों पर धूप में खड़े रहकर बसों का इंतेजार करती है। कई बार परिवहन विभाग में इस मामले को लेकर सुगबुगाहट उठी भी, लेकिन पर्याप्त जमीन नहीं मिल पाने के कारण वो भी दम तोड़ गई।

रोडवेज न होने के कारण शाहाबाद के व्यापारियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है इससे रोजगार पर बहुत असर पड़ता है। चुनाव दर चुनाव शाहबादवासी जनप्रतिनिधियों की तरफ इसी आशा भरी नजरों से देखते है कि शायद अगले चुनाव तक शाहबाद को रोडवेज बस स्टैंड मयस्सर हो जाए।

## पहलगाम आतंकी हमले के बाद किसान नेता अरविंद चौहान ने खून दान करने का लिया निर्णय

मैनपुरी - भारतीय किसान यूनियन भानू संगठन के कार्यकर्ता व पदाधिकारी पहलगाम हमले के बाद से अलर्ट है। शुक्रवार को करहल रोड स्थित भाकियू भानू के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन के विस्तार पर चर्चा की गई। साथ ही राष्ट्रीय महासचिव अरविंद चौहान ने आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने की घोर निंदा की। देश के प्रधानमंत्री से उन्होंने मांग की है। आतंकियों पर कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा हमारे संगठन के कार्यकर्ता देश के जवानों के लिए खून देने को तैयार हैं। मैं भारतीय सेना से सेवानिवृत हो चुका हूं। अपने जवानों के लिए एक-एक हाथ करने को तैयार हूं। हमारे संगठन के कार्यकर्ता और हम देश के जवानों के लिए खून दान करेंगे। इस मोके पर राजन चौहान, आशू गौर, विपिन शुक्ला, सौरभ चौहान, हरिओम सिंह, दीपक चौहान आदि लोग मौजूद थे।

## प्रथम श्री श्याम संकीर्तन का शाहबाद में हुआ भव्य आयोजन



उत्तर प्रदेश रामपुर शाहबाद। श्रीराम स्कूल के पास नगर में गुरुवार को श्री श्याम बाबा का प्रथम संकीर्तन का आयोजन क्षेत्र के सामूहिक श्याम प्रेमियों के द्वारा बाबा के आशीर्वाद से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के शुभारंभ विधि विधान से पूजन आदि कर सुंदर-सुंदर भजन कार्यक्रम रहा जिसमें बरेली की दिव्या सरगम , वीरभान बदायूं, शिवांशु पंडित राजीव भैरों द्वारा भजन संकीर्तन का कार्यक्रम में श्रद्धालु झूमते हुए नजर आए। तो वहीं श्री श्याम बाबा एवं बालाजी कलयुग के राजा संग सभी देवताओं का गुणगान किया। इस मौके पर प्रदीप चंद्रवंशी, नत्थू लाल (डीलर), अखिलेश अग्रवाल, अवधेश अग्रवाल, अमर बरनवाल, कपिल शर्मा, मुन्ना लाल,श्री श्याम मंदिर मनोना धाम सेवादार विनोद गुप्ता , अमित चंद्रवंशी, शुभम अग्रवाल, मोनू शर्मा, राजीव वैश्य, राजकुमार गुप्ता, संदीप गुप्ता , विकाश रस्तोगी, आकाश रस्तोगी, कपिल शर्मा उर्फ बंटी, रजत गुप्ता, शिवम गुप्ता, अनुज रस्तोगी , फूलचंद प्रजापति, मुकेश बरनवाल, सतीश चौधरी, सीताराम पांडेय, अनुभव शर्मा, अनुज रस्तोगी, विवेक गुप्ता , नीरज रस्तोगी, विपिन गुप्ता, अंशु गुप्ता, राम बरनवाल, गुड्डू, लाखन बरनवाल , चंद्रपाल जी, बाबू चंद्रा, सोनू चंद्रा, नन्हे, मुकेश, एड कु माधुरी सक्सेना , लक्ष्मी देवी, पार्वती देवी, हेमलता गुप्ता, निर्मला देवी, तान्या विनोद गुप्ता, नेहा गुप्ता, अनायरा वैश्य, रोहन, कान्हा आदि मौजूद रहे।

## मथुरा में बंद के चलते रजिस्ट्री ऑफिस में नहीं हुई रजिस्ट्री , लाखों रु राजस्व का सरकार को हुआ नुकसान




एनपीटी ब्यूरो

मथुरा। कश्मीर के पहलगांव में आंतकवादियों द्वारा पर्यटकों की नंशृस हत्या के विरोध में आज कुछ संगठनों द्वारा मथुरा बंद का असर चहुंओर दिखाई दिया। जहां सुबह का नाश्ता करने वाले कचौड़ी जलेबी को तरस गये। वहीं बंद में शामिल कातिब निबंधन समिति के रहने के चलते रजिस्ट्री आफिस में सन्नाटा छाया रहा। रजिस्ट्री न होने के कारण सरकार के लाखों रुपए का राजस्व का नुकसान हो गया। पहलगांव में छुटिया मनाने गये 26 पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा की गई नृंशस हत्या के विरोध में देश भर में उबाल है। वहीं मथुरा में विश्व हिन्दू परिषद सहित कई संगठनों ने आज विरोध स्वरूप मथुरा बंद का आहव्न किया। जिसका असर भी दिखायी दिया। सबसे आश्चर्य जनक असर मथुरा के रजिस्ट्री आफिस में देखने को मिला। जहां कातिबों की हड़ताल के चलते एक भी रजिस्ट्री नहीं हुई। वैसे रजिस्ट्री कार्यालय में कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित थे लेकिन सभी रजिस्ट्री कराने वालों का इंतजार करते रहे लेकिन काई भी नहीं आया। यू तो आम दिनों में इस रजिस्ट्री आफिस में आदमी को पैर रखने की जगह तक नहीं मिलती थी। बताया जाता है कि रजिस्ट्री न होने के कारण सरकार को लाखों रुपए राजस्व का नुकसान हो गया है।

# मुस्लिम परिवार ने अपनाया हिंदू धर्म, जाकिर खान बने जगदीश

एनपीटी ब्यूरो



मथुरा। वृंदावन में एक मुस्लिम परिवार ने पूरे विधि-विधान के साथ हिंदू धर्म को अपनाया। कालीदह क्षेत्र की श्रीजी वाटिका कॉलोनी में हुए इस धार्मिक अनुष्ठान में वेदपाठी ब्राह्मणों द्वारा पूजा, हवन और नामकरण संस्कार कराए गए। परिवार के मुखिया जाकिर खान, जो अब जगदीश नाम से जाने जाएंगे, उन्होंने बताया कि उनके पूर्वज मूलतः गुर्जर समुदाय से थे, लेकिन तीन पीढ़ी पहले आक्रांताओं के भय से उन्होंने इस्लाम धर्म स्वीकार कर लिया था। वर्षों बाद अब पूरा परिवार फिर से अपने मूल धर्म में लौटा है। धर्म परिवर्तन के इस मौके पर परिवार के अन्य सदस्यों को भी नए हिंदू नाम दिए गए। जाकिर खान की पत्नी गुड्डी अब गुड़िया, बेटा रणवीर बना रामेश्वर और अनवर बने अमित। उनकी बहू साबरा को अब सावित्री के नाम से जाना जाएगा। बच्चों साबिर, जोया और नेहा खान के नाम क्रमशः शत्रुघ्न, सरस्वती और स्नेहा रखे गए हैं। कार्यक्रम के संयोजक शरद सैनी ने बताया कि यह परिवार जमुना पार थाना क्षेत्र के देरहुआ गांव का निवासी है और पिछले एक वर्ष से वे सनातन धर्म की ओर आकर्षित थे। उन्होंने बताया कि यह परिवार पहले भी हिंदू था और अब उनकी घर वापसी हो गई है। सैनी ने कहा सनातन धर्म सभी का स्वागत करता है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि लोग फिर से अपने मूल धर्म में लौट रहे हैं।

# मई दिवस पर रिफाइनरी नगर के श्रमिकों ने दोहराया संघर्ष का संकल्प

एनपीटी ब्यूरो




मई दिवस पर रिफाइनरी नगर के श्रमिकों ने दोहराया संघर्ष का संकल्प

मथुरा । पेट्रोलियम वर्कर्स यूनियन कांट्रेक्ट वर्कर्स मथुरा रिफाइनरी यूनिट की टाउनशिप उप शाखा ने रिफाइनरी नगर के सम्पदा कार्यालय के समक्ष मई दिवस मनाया । हाथों में लाल झंडे और होठों पर दुनिया के मजदूरो एक हो का नारा लिए रिफाइनरी नगर के संविदा श्रमिकों ने टाउनशिप प्लाजा में प्रदर्शन कर सम्पदा कार्यालय पर सभा की । यूनियन की उप शाखा के अध्यक्ष कामरेड दिलीप दुबे की अध्यक्षता में हुई सभा को वरिष्ठ मजदूर नेता शिवदत्त चतुर्वेदी, यूनियन के अध्यक्ष मधुवन दत्त चतुर्वेदी उप शाखा सचिव हरी चन्द यूनियन सचिव कामरेड जनक उपाध्यक्ष गरीब दास, कोषाध्यक्ष राम गोपाल बनवारी लाल एडवोकेट और योगेश पाराशर एडवोकेट ने सम्बोधित करते हुए 01 मई 1886 को शिकागो में शहीद हुए मजेदूर नेताओं को याद किया और विश्वभर के श्रमजीवियों के लिए उनकी एकता पर बल दिया ।

वक्ताओं ने श्रम जीवियों के हितार्थ विश्व की गतिविधियों के प्रेरणा स्रोत के रूप में शहीदों का स्मरण किया तथा मथुरा रिफाइनरी के संविदा श्रमिकों के कल्याण और उनकी समस्याओं के निराकरण के सम्बन्ध में भी विचार व्यक्त किये । वक्ताओं ने मजदूरों को जाति और धर्म के आधार पर विभाजित न होने की अपील की ।

# पड़ोसी ने किशोरी के साथ किया दुष्कर्म, रिपोर्ट दर्ज

एनपीटी ब्यूरो



मथुरा। सदर बाजार थाना क्षेत्र में एक युवक ने पड़ोसी पर नाबालिग बहन से दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। परिजन की शिकायत पर पुलिस ने पड़ोसी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित किशोरी के भाई ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि वह बुधवार रात को परिजन के साथ किसी काम से बाहर गए थे। उनकी छोटी बहन घर पर अकेली थी। आरोप है कि रात नौ बजे करीब पड़ोसी बहन को अकेला देख घर में घुस गया। इसी दौरान बहन के साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के शोर मचाने पर ताऊ का बेटा घर पहुंच गया। युवक को आता देख पड़ोसी जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया।

किशोरी ने परिजन के घर आने के बाद आपबीती बताई। सीओ संदीप सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर नामजद रिपोर्ट दर्ज की गई है। पीड़िता के बयान लेकर मेडिकल कराया गया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मथुरा में बेमौसम बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त, पेड़ गिरने से बिजली सप्लाई हुई ठप्प

एनपीटी ब्यूरो




मथुरा। शुक्रवार तड़के भीषण अंधण तूफान तेज बारिश से महानगर सहित समूचे जनपद में हाल–बेहाल हो गए। महानगर के नए बस स्टैंड और भूतेश्वर तिराहा अंडर पास पर भारी मात्रा में जल भराव होने से आम नागरिकों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जल भराव की निकासी के लिए मथुरा वृंदावन के नगर आयुक्त शशांक चौधरी अपनी टीम के साथ नया बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंचे वहां उन्होंने ट्रैक्टर जेसीबी लगावाकर जल निकासी कराई।

निगम के दो दर्जन सफाई कर्मी अपने संसाधनों के साथ जल निकासी के कार्य में जुटे देखे गए। नया बस स्टैंड अंडर पास पर कई वाहन फंस गए जिनको निगम कर्मियों ने ट्रैक्टर जेसीबी से नगर आयुक्त की मौजूदगी में निकलवाया। बे मौसम की तूफानी इस बारिश से बिजली संकट गहरा गया वही फसल को भी नुकसान की बात बताई जा रही हैं। तेज आंधी के चलने से दर्जन स्थानों पर पेड़ टूटने के कारण बिजली की लाइन टूट हो गई जिनके चलते दोपहर तक बिजली सप्लाई ठीक से सुचारू नहीं हो सकी थी। शहरी क्षेत्र में बिजली सप्लाई न होने से लोगों को पेयजल संकट का भी सामना करना पड़ा। नगर आयुक्त श्री चौधरी ने बताया कि छोटे–बड़े नालों की सफाई के लिए निगम की कई टीमें अलग–अलग स्थान पर कार्य में लगी हुई है। प्रातः 4 बजे के करीब बिजली की तेज गड़गड़ाहट से गहरी नींद में सोते हुए बृजवासियों एकदम घबरा गए। काफी हिस्सों में सुबह 4:00 बजे से गई विद्युत सप्लाई दोपहर 1 बजे तक नहीं आ पाई थी। मौसम विभाग का कहना है कि अभी भी बारिश और अंधण की संभावनाएं बनी हुई है। हालांकि इस बारिश से तापमान एक डीएम दम गिर गया है। बारिश से सड़कों पर पानी लबालब भर गया। घरों, दुकानों और प्राइवेट अस्पतालों में दो फीट तक पानी भर गया। अड़ींग कस्बे में लोग बाल्टियों से पानी निकालते नजर आए।

# जिलाधिकारी से की सुम्मेरा तालाब के निकाले जा रहे पानी पर रोक लगाए जाने की मांग।

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**
ललितपुर । आज नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरी बाबू शर्मा व पार्षद मनमोहन चौबे ने जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंचकर अपर जिलाधिकारी को एक ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि सुम्मेरा तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए एक करोड अस्सी लाख रुपए जारी किए गए हैं। वर्तमान में इस अवमुक्त धनराशि को खर्च किया जा रहा है। वहीं, तालाब के पानी की निकासी भी की जा रही है लेकिन अभी तक यह सार्वजनिक नहीं हो सका है कि सौंदर्यीकरण में क्या क्या कार्य किए जाने हैं, इसमे स्थिति अस्पष्ट बनी हुई है।

ज्ञापन के माध्यम से आपको अवगत कराना चाहते है कि पर्यटन विभाग द्वारा पूर्व में सौंदर्यीकरण का कार्य कराया गया था, उस दौरान तालाब का गहरीकरण कार्य कराया गया था, ऐसे में तालाब के गहरीकरण की अव दुबारा आवश्यकता नहीं है। इसके बाद भी तालाब के पानी निकासी समझ के परे है। इस समय बूंद बूंद पानी को सहेजने की जरूरत महसूम की जा रही है। यदि तालाब का पानी निरंतर निकाला जाता रहा तो तालाबपुरा के कई घरों का जल स्तर नीचे चला जाएगा और इससे कई घरों के बोर सूख जाएंगे। और जितना भी पानी अभी तक निकाला गया है उसको पुनः भरा जाये। नागरिक विकास मोर्चा के अध्यक्ष हरी बाबू शर्मा व पार्षद मनमोहन चौबे ने अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन में बताया है कि सुम्मेरा तालाब से निकाले जा रहे पानी पर रोक लगाई जाए , ताकि शहर में एक नया जल संकट खड़ा न हो।

नागरिक विकास मोर्चा अध्यक्ष व पार्षद ने अपर जिलाधिकारी से तीन दिन के अन्दर मांग पूरी नहीं की गयी तो नागरिक विकास मोर्चा आन्दोलन के लिये बाध्य होगा।

# उ0प्र0 राज्य महिला आयोग की सदस्या अर्चना पटेल ने की महिला जनसुनवाई

## प्राप्त 29 शिकायतों में से 7 का कराया मौके पर निस्तारण



नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो
ललितपुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रदेश में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित न्याय दिलाए जाने तथा पीढ़िताओं की सुगमता के द्दष्टिगत आज गुरुवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या श्रीमती अर्चना पटेल ने पीडब्ल्यूडी सर्किट हाउस में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनपद की महिलाओं की समस्याओं को एक-एक कर गंभीरतापूर्वक सुना और उपस्थित अधिकारियों से समस्याओं का मौके पर निस्तारण भी कराया। शेष समस्याओं को सम्बंधित अधिकारियों को आदेशित कर 15 दिन में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आख्या जिला प्रोबेशन अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। महिलाओं के अधिकारों व उन्हें दी जा रही सुविधाओं के स्थलीय निरीक्षण के लिए महिला आयोग की सदस्या ने आंगनबाड़ी केन्द्र पटौराकलां, जिला कारागार में महिला बैरक, महिला चिकित्सालय व कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कल्यानपुरा का निरीक्षण कर महिलाओं एवं बालिकाओं की समस्याओं को जाना और उनसे वार्ता की।

इस अवसर पर अपना दल से मोहन सैनी, ज्वाला प्रसाद पटेल, रामगुलाम श्रीवास, प्रिंस, लवकुश तिवारी एवं भाजपा से लक्ष्मी रावत, पीआरओ पृथ्वीराज पटेल सहित जेल अधीक्षक मुकेश कुमार, जेलर जीवन सिंह, जेल चिकित्सक विजय द्विवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी निशान्त तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना जांच संदेह के घेरे में

# जांच करने बाली टीम और उनके द्वारा लगाए गए लोगों पर पैसे लेकर पात्र अपात्र करने के आरोप

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
ललितपुर पाली। पाली में चल रही प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्र अपात्र की जांच संदेह के घेरे नजर आ रही है। पाली कस्बा के लोगों ने प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच कर रही टीम पर गंभीर आरोप लगते नजर आ रहे हैं। लोगों द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र और आपात्र की जांच कर रही टीम पर लग रहे आरोप। लोगों द्वारा बताया गया कि जाच कर रही टीम घर घर न जाकर एक जगह बैठ कर सर्वे कर रहे हैं जिनके आसपास बैठे लोग ही सुनिश्चित कर रहे हैं पात्र आपात्र । फोटो खींचने के नाम पर सूची पर नाम आने वाले लोगों से 200 से 1000 रुपए प्रति व्यक्ति मांग रहे हैं। अगर पैसे नहीं देने पर जांच टीम कहती हैं कि हम आपके लिए आपात्र कर देंगे। जांच करने बाली टीम लोगों से कागजात में या लिफाफा में रख कर रुपए मांगते नजर आ रहे हैं। तो वहीं लोगों ने जांच टीम पर एक और बड़ा आरोप लगाया है कि जांच टीम अपने साथ प्राइवेट लड़का रखें हुए हैं जो लाभार्थियों को फोन कर जल्द आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 5000 से 10000 रुपए की मांग कर रहे हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की जांच टीम घर-घर ना जाकर एक जगह बैठकर लाभार्थियों का सर्वे किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवासयोजना की सूची जांच टीम द्वारा अपने खास लोगों को दे दी गई है। जो लोगों को फोन लगाकर पैसों की मांग करते नजर आ रहे हैं। उनके द्वारा फोन पर संपर्क कर प्रधानमंत्री आवास जल्द से जल्द का लाभ दिलाने के नाम पर रूपए की मांग की जा रही है।

# पराली जलाने वालों पर होगी कार्रवाई, एसडीएम ने निगरानी टीमें की गठित

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**
महरौनी। सिंदवाहा, सिलावन, पड़वा में पराली जलाने की घटना के बाद प्रशासन सख्त हो गया है। उपजिलाधिकारी महरौनी ने पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए निगरानी टीमें गठित की हैं। यह टीमें क्षेत्र में जाकर खेतों का निरीक्षण करेंगी।



कुछ दिन पूर्व तहसील महरौनी के सिंदवाहा, सिलावन, पड़वा में पराली जलाने से आग फैल गई थी। इससे सड़क किनारे खड़े पेड़ तक जल गए थे। पुलिस ने ग्राम प्रधान की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई की थी। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए एसडीएम महरौनी ने स्थानीय स्तर पर निगरानी टीमें गठित कर दी हैं। यह टीमें प्रतिदिन क्षेत्र में जाकर खेतों में निरीक्षण करेंगी। पराली जलाए जाने को लेकर सूची तैयार कर कार्रवाई कराएंगी। उपजिलाधिकारी महरौनी राजबहादुर ने बताया कि पराली जलाने से न केवल वायु प्रदूषण फैलता है, बल्कि खेतों की उर्वरता भी नष्ट होती है और पेड़ पौधे भी जल जाते हैं और आमजन के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय स्तर पर निगरानी टीमें गठित की गई हैं, जो प्रतिदिन खेतों का निरीक्षण कर रही हैं।

# भाजपा कोठीबाजार मंडल की कार्यकारिणी घोषित सावन्या और भावेश बने महामंत्री (भाजपा कोठी मंडल की फ्रेंचाइजी घोषित साव्या और भावेश बने )

**नेशनल प्रेस टाइम्स बतूल**
बैतूल. भारतीय जनता पार्टी के महासचिव निखिल दास उइके, जिला संगठन के प्रभारी सुजीत जैन, चिंतक सुधाकर कोठी, कोठी बाजार मंडल के अध्यक्ष राकेश दास उइके, विधायक वैशाली खंडेलवाल की सहमति से कोठी बाजार मंडल के अध्यक्ष विक्रम दास उइके ने मंडल मंडल की घोषणा की है। घोषित मंडल समिति में छह उपाध्यक्ष, दो पद, छह मंत्री एवं एक पदधारी समेत अन्य पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। कोठी बाजार मंडल की घोषित मंडल समिति में उपाध्यक्ष राजीव गुडडू मिश्रा (दुर्गा वार्ड), वीर बल इंडिपेंडेंट (महावीर वार्ड), स्टाइल चौहान (किदवई वार्ड), पवन शर्मा (माल वार्ड), डा.सुनील अवशेष (शिवाजी वार्ड), ओखाश्री (शिवाजी वार्ड), सिवान साव्या शेशकर (सुभाष वार्ड), भावेश चढोकर (कृष्णपुरा वार्ड), मंत्री सादी सजावट (वार्ड), मंत्री कावरे (महावीर वार्ड), शबीना बी (आज वार्ड), अजय मौखेडे (इंदिरा वार्ड), वार्ड), श्रीकांत शर्मा (गांधी वार्ड), दीपक वर्मा (मालवीय वार्ड), वरूण धोटे (गांधी वार्ड), गणेश देशकर (देशबंधु वार्ड) एवं विशेषाधिकारी देवेन्द्र बर्थे (पुराकृष्ण वार्ड) सह विशेषाधिकार मुंडे (अर्जुन वार्ड), कार्यालय मंत्री शेखर बारस्कर (कृष्णपुरा वार्ड), मीडिया फ्लिपकार्ट वार्ड (कृष्णपुरा वार्ड), सोशल मीडिया प्रभारी संगम महोबिया (शिवाजी वार्ड), आइटी अर्थशास्त्री जिद्दी पाल (शिवा वार्ड) को बनाया गया है। योगेश्वर बी शौकालेकर, दीपक माथनकर, मनीष मिश्रा, ब्याज खान, छुट्टन यादव, अनिल सोनी, डा.अरूण जयसिंगपुरे, डा.अरूण उच्चारे, दीपक श्रीवास्तव, रामदोम राठौड़, महेश सोनी, मनोज कोकास, ममता भट्ट, इमेजिन धोटे, हेमलता कुंभारे, किरण खातरकर, सुनीता देशमुख, राया बारस्कर, मशहूर उद्योगपति, इंदु ढढोरे, इमेजिनेशन बारस्कर, कमला बारस्कर, रजनी राजेश वर्मा, कल्पित रघुनाथ लोकंडे, ममता महेश फोटोग्राफर, रोशनी वरुण धोटे, गंगा रवि रावत, राजेश वर्मा, राजेश पंकर, रघुनाथ लोखंडे, संतोष दयालुवी, नरेंद्र हरसुले, मनोज गंजा, विनय भावसार, विजय पाल, अबिजर हुसैन, निशु धोटे और रीता बर्थे को कार्य समिति सदस्य बनाया गया है।

# 15 ग्राम पंचायत सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई



**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**
बैतूल कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा लोक सेवा गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग की अधिसूचित सेवा विवाह पंजीयन के लिए प्राप्त आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित रखने के लिए कुल 15 ग्राम पंचायत सचिवों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। प्रत्येक लंबित आवेदन के लिए 5 हजार रुपए की एकमुश्त जुमार्ना राशि अधिरोपित की गई है। इस प्रकार कुल 75,000 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है, जो संबंधित हितग्राहियों को प्रतिकर स्वरूप प्रदान किया जाएगा।

**इन सचिवों पर लगाया गया जुमार्ना**

जनपद पंचायत बैतूल अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत मुवाड श्री सरजेराव चिल्हाटे, सचिव ग्राम पंचायत सेहरा श्री श्रवण पंडाग्रे, जनपद पंचायत भीमपुर के सचिव ग्राम पंचायत कुटंगा श्री प्रीतमसिंह काकोडिया, जनपद पंचायत आमला के सचिव ग्राम पंचायत कुटखेडी श्री राजेन्द्रा गंगारे, जनपद पंचायत आठनेर के सचिव ग्राम पंचायत रजोला श्री विनायकराव पाटिल, जनपद पंचायत भैसदेही के सचिव ग्राम पंचायत सिवनी श्री संतोष लोखण्डे, जनपद पंचायत भीमपुर के सचिव ग्राम पंचायत गडाखार श्री रामनाथ झाडे, सचिव ग्राम पंचायत सिंगार चावडी श्री महेश बंसकार, जनपद पंचायत घोडाडोंगरी के सचिव ग्राम पंचायत मेहकार श्री लक्ष्मीचचंद वर्मा, सचिव ग्राम पंचायत भोगईखापा श्री प्रतापकुमार बारसे, जनपद पंचायत मुलताई के सचिव ग्राम पंचायत खडकवार श्री किशोर सिंग सोलंकी,
जनपद पंचायत शाहपुर के सचिव ग्राम पंचायत मुढा श्री सुनिल शैलू, सचिव ग्राम पंचायत सिलपटी श्री सकल सिंग , सचिव ग्राम पंचायत खापा श्री मधु कुमार यादव, सचिव ग्राम पंचायत सालीमेट श्री सुधीर शीलू के विरुद्ध जुमार्ना लगाया गया हैं ।इस कार्रवाई का उद्देश्य लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत समयबद्ध सेवा प्रदाय सुनिश्चित करना एवं जवाबदेही तय करना है।

# सामूहिक विवाह समारोह में दूल्हे को दुल्हन पक्ष ने जमकर पीटा



**नेशनल प्रेस टाइम्स बैतूल**
बैतूल में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत आयोजित सामूहिक विवाह समारोह के बाद हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। यहां प्रेम विवाह के बाद सरकारी योजना में शादी करने पहुंचे दूल्हे को दुल्हन पक्ष ने जमकर पीटा। यही नहीं वे भी छुड़ाकर ले गए। अंबेडकर चौक पर यह ड्रामा करीब 15 मिनट चला। जिसके बाद दूल्हे ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई है।

बता दें कि, बैतूल में आज मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के तहत 740 जोड़े विवाह सूत्र में बंधे। इन्हें में से एक दूल्हा राजेंद्र गोहे मुलताई के उमनपेट गांव का रहने वाला है। उसने गेहूरास गांव की युवती से चार महीने पहले घर से भागकर मंदिर में शादी कर ली थी। इसके बाद दोनों लिव इनमें रह रहे थे। उन्होंने घर से भागने के बाद आर्य समाज और मंदिर में शादी कर ली थी।

रस्मों के बाद दुल्हन पक्ष ने की मारपीट-शुक्रवार को जब सरकारी योजना में शादी हुई तो यह जोड़ा भी विवाह समारोह में शामिल हो गया। जहां उन्होंने विवाह की रस्में पूरी की, आयोजन के बाद विदाई के समय दुल्हन पक्ष के लोग विवाह स्थल पर पहुंचे। उन्होंने वर पक्ष से विवाद शुरू कर दिया। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई, इस झगड़े में दूल्हा राजेंद्र और उसके पिता घायल हो गए।

दूल्हा और उसके पिता घायल-पुलिस ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग किया। इससे पहले ही दुल्हन पक्ष के लोग दुल्हन को लेकर वहां से भाग निकले। घायल अवस्था में वर पक्ष गंज थाने पहुंचा। उन्होंने वधू पक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया है। टीआई अरविंद कुमरे ने बताया कि फिलहाल कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। वधू पक्ष के लोगों को भी थाने बुलवाया गया है।

## अचानक हुए विस्फोट में चार बच्चे घायल, बैटरी या डायनामाइट में ब्लास्ट हुआ यह साफ नहीं, जांच जारी

बैतूल-शुरूआती जांच में सामने आया कि बच्चे एक बैटरी से छेड़छाड़ कर रहे थे और संभवतः उसमें तार जोड़कर लाइट जलाने की कोशिश कर रहे थे, इसी दौरान बैटरी फट गई। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि बच्चे नदी किनारे से कोई विस्फोटक (संभवतः डायनामाइट) उठा लाए थे, जिससे खेलते समय यह हादसा हो गया। मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के अंतर्गत आने वाले मिलानपुर गांव में सोमवार दोपहर एक विस्फोट में चार बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल बच्चों को प्राथमिक इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह विस्फोट उस समय हुआ जब बच्चे किसी बैटरी या संदिग्ध सामग्री के साथ खेल रहे थे। बताया जा रहा है कि बच्चे घर के पास खेल रहे थे, तभी अचानक धमाका हो गया, जिससे वे घायल हो गए।

# एनटीपीसी सिंगरौली में दिव्यांग कर्मचारियों के साथ मानव संसाधन विभाग ने किया संवाद




**एनटीपीसी**
सिंगरौली के आवासीय परिसर में स्थित गेस्ट हाउस में दिनांक 02 मई 2025 को परियोजना में कार्यरत सभी दिव्यांग कर्मचारियों का परियोजना के मानव संसाधन विभाग के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री सिद्धार्थ मण्डल, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा सभी दिव्यांग कर्मचारियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य दिव्यांग कर्मचारियों के कार्यस्थल संबंधी अनुभवों, चुनौतियों एवं आवश्यकताओं को समझते हुए, उनके समावेशी विकास व सौहार्दपूर्ण वातावरण को और सुदृढ़ करना था। सिद्धार्थ मण्डल ने सभी कर्मचारियों से विस्तार से संवाद किया और उनके विषयों को गंभीरता से सुना व यथासंभव समाधान का भी आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के अंत में नरेश कुमार, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने सभी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लएनटीपीसी अपने प्रत्येक कर्मचारी को समान अवसर और गरिमा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है, और आने वाले समय में परियोजना द्वारा दिव्यांग सहयोगियों के हित में भी ठोस कदम उठाए जाएंगे।ह्व कार्यक्रम का संचालन अनुग्रह मिश्रा, उप प्रबन्धक (मानव संसाधन) ने प्रभावशाली रूप से किया।

# एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तीकरण अभियान, 2025 के तहत बालिकाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

**एनटीपीसी**
विंध्याचल द्वारा बालिका सशक्तिकरण अभियान 2025 की तैयारियों के तहत प्रतिभागी बालिकाओं के लिए एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 20 शासकीय विद्यालयों से चयनित 103 बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे 19 मई से 15 जून 2025 तक चलने वाले इस आवासीय कार्यक्रम के लिए पूरी तरह से स्वस्थ और सक्षम हैं।




यह परीक्षण डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा) के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उनके साथ डॉ. हेमा उराव (वरिष्ठ विशेषज्ञ), डॉ. तनय पटेल (स्पेशलिस्ट) और डॉ. भगवत सिंह लोधी (जीडीएमओ) की अनुभवी टीम मौजूद रही।

इस अवसर पर बालिकाओं की ऊँचाई, वजन, हीमोग्लोबिन स्तर और सामान्य शारीरिक स्थिति की जाँच की गई। इस स्वास्थ्य परीक्षण का उद्देश्य न केवल प्रतिभागियों की शारीरिक फिटनेस सुनिश्चित करना था, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और आत्मविश्वासी शुरूआत देना भी था। एनटीपीसी विंध्याचल का यह प्रयास बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# आईपीएस बनने पर कूदन में आईआरएस मनोज महरिया का भव्य सम्मान

## ग्रामवासियों ने अपने लाडले के स्वागत में पलक पांवड़े बिछाए

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।**



सीकर। यूपीएसई द्वारा आयोजित भारतीय सिविल सेवा परीक्षा 2024 में आईपीएस में चयन होने पर मनोज महरिया का गुरुवार को उनके पैतृक गांव कूदन के स्वतंत्रता सैनानी चौक में भव्य सम्मान किया गया। मनोज महरिया को गांव की सीमा से गाजे-बाजे के साथ घोड़ी पर बैठाकर चौक तक लाया गया। 'महरिया पोली 'पर आयोजित आशीर्वाद कार्यक्रम में परिवारजनों ने आशीर्वाद दिया तथा महिलाओं ने मंगलगीत गाए। स्वतंत्रता सेनानी चौक में ग्राम पंचायत कूदन की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मनोज महरिया व उनके परिवारजनों का शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया ने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से लक्ष्य बनाकर तैयारी की जाए तो सफलता निश्चित है। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत के बिना कोई आगे नहीं बढ़ सकता। जीवन में सफलता के लिए मेहनत के साथ धैर्य भी जरूरी है। शिक्षाविद दयाराम महरिया ने मनोज को कहा कि समय के साथ चलते हुए नित नए कीर्तिमान कायम करें लेकिन कभी अपनी जन्मभूमि को मत भूलना क्योंकि 'वही पेड़ हरा रहता है जो जड़ों से जुड़ा रहता है।' हमेशा राष्ट्र को प्रथम मानकर सेवा करना। सेवानिवृत डीजी सीकर एसपी रहे मनोजकुमार लाल ने वर्चुवअली संबोधित करते हुए मनोज को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि एकलव्य की भांति लक्ष्य बनाकर मेहनत की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है।

मनोज महरिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य जीवन में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में झंडे गाड़ रही हैं। अतः उन्हें शिक्षित करना जरूरी है। शिक्षा के क्षेत्र में उनके साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कूदन सरपंच रामप्यारी देवी ने की। सरपंच प्रतिनिधि सुलतानसिंह सुंडा ने सभी का आभार जताया। इस अवसर पर भूमि विकास बैंक सीकर के अध्यक्ष कैलाश शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन लालबहादुर शर्मा ने किया।

# कन्यादान के साथ एक सौ दो बेटियों को दक्षता प्रमाण-पत्र दिए -बेटियों को स्किल डवलपमेंट कोर्स के बाद दिया सम्मान - एक बेटी का हुआ कन्यादान

**एनपीटी ब्यूरो**



कन्यादान के साथ एक सौ दौ बेटियों को दक्षता प्रमाण-पत्र दिए -बेटियों को स्किल डवलपमेंट कोर्स के बाद दिया सम्मान - एक बेटी का हुआ कन्यादान अलवर. नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से अलवर के एक रिसोर्टस में एक बेटी का कन्यादान किया गया। इस अवसर पर एक सौ दो बेटियों को बयूटी पार्लर दक्षता प्रमाण पत्र दिया गया जिन्होंने एक माह का निःशुल्क प्रशिक्षण लिया है। इस बार कोरोना में पिता को खो चुकी ऐसी बेटी का कन्यादान किया जिसने कठिन परिस्थितियों में भी परिवार को चलाया और स्वयं भी पढ़-लिखकर लायक बनी। इस बेटी की विवाह की जानकारी मिलने पर नेक कमाई टीम ने स्वयं जाकर कन्यादान करने की इच्छा जताई जिसे परिवार ने स्वीकार कर लिया। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने बताया कि कार्यक्रम में इस बार मुखय अतिथि समाज सेविका शिखा जैन, मुकेश जैन और रामावतार महावर रहे। अन्य अतिथियों में आयुर्वेद चिकित्सक डा. बी. बी. गौतम, शिक्षाविद डा. जी. डी. मेहंदीरता और बीमा अधिकारी डी. डी. शर्मा थे। अध्यक्षता पुरुषार्थी धर्मशाला समिति के अध्यक्ष प्रेम गांधी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में संरक्षक दौलत राम हजरती ने बताया कि नेक कमाई की ओर से 1100 युवतियों को नारी सृजन प्रोजेकट प्रभारी बिंदू कपूर के नेतृत्व में सिलाई व बयूटी पार्लर का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिनके तीन बैच की बेटियों को प्रमाण पत्र दिए गए। नेक कमाई अब तक अलवर में 263 बेटियों का कन्यादान कर चुका है। मंच संचालन सौरभ कालरा ने किया। कार्यक्रम में नेक कमाई के शिक्षा संकल्प की प्रभारी प्रवीन बत्रा, महिला विंग प्रभारी सोनिका अरोड़ा, कमला यादव, गायत्री प्रकोष्ठ की प्रभारी प्रतिभा सिंह सहित स्वदेश कपिल, जार के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, ज्योति शर्मा सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में दुल्हन के साथ सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी बेटियों ने महिला संगीत में नृत्य किया और आगे खूब पढ? व स्वावलंबी बनने का संकल्प लिया। मुखय कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा ने कहा कि अलवर में पहली बार एक साथ 1100 बेटियों को निशुल्क स्किल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम के अंत में नेक कमाई की ओर से बिंदू कपूर और प्रो. जी. डी. मेहंदीरता ने सभी का आभार जताया।

# हनुमान बेनीवाल हिरासत में, SI भर्ती परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर छह दिन से बैठे थे धरने पर



जयपुर। पुलिस हिरासत में लिए जाने से पहले हनुमान बेनीवाल ने कहा कि रक भर्ती परीक्षा को रद्द करने की मांग 2021 में बीजेपी नेताओं सतीश पूनिया और राजेंद्र राठौड़ ने भी की थी, लेकिन सरकार में आने के बाद वे मौन हैं। पढ़ें पूरी खबर...। नागौर से सांसद एवं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल को शुक्रवार को पुलिस ने उस समय हिरासत में ले लिया जब वह जयपुर में मुख्यमंत्री आवास की ओर मार्च कर रहे थे। वे पिछले छह दिनों से शहीद स्मारक पर राजस्थान की रकभर्ती परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर धरने पर बैठे थे।

# विशेष योग्यजनों को वितरित की गई इलेक्ट्रिकल व्हील चेयर : विशेष योग्यजनों के चेहरें खिले

**एनपीटी ब्यूरो**



खैरथल-तिजारा, 2 मई । जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में समाज कल्याण कार्यालय खैरथल-तिजारा में एक कार्यक्रम आयोजित कर जिले के पाँच मांसपेशीय दुर्विकास से पीड़ित विशेष योग्यजनों को इलेक्ट्रिकल पावर/व्हील चेयर वितरित की गई।

जिला कलेक्टर ने कहा कि राज्य सरकार विशेष योग्यजनों के सशक्तिकरण हेतु लगातार प्रयासरत है और इस प्रकार की योजनाएं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार की बजट घोषणा के अंतर्गत 80% से अधिक मांसपेशियां दुर्विकास बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को इलेक्ट्रिक पावर व्हीलचेयर दि गई। इलेक्ट्रिक पावर व्हील चैयर का मूल्य लगभग एक लाख रू. है इसके वितरण से विशेष जनों को अपने दैनिक कार्यो मे आसानी होगी वे आसानी से इधर उधर अपने कार्य के लिए जा सकेगे

# जयपुर रेंज आईजी अजय पाल लाम्बा अलवर दौरे पर, प्रमोशन प्रक्रिया की समीक्षा व गैंगरेप प्रकरण पर दी कड़ी चेतावनी

**एनपीटी ब्यूरो**



अलवर, 2 मई – जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) अजय पाल लाम्बा आज अलवर दौरे पर रहे। उन्होंने सबसे पहले अलवर पुलिस लाइन पहुंचकर हेड कॉन्स्टेबल से एएसआई (सहायक उप निरीक्षक) पद पर प्रमोशन प्रक्रिया की समीक्षा की। इस दौरान चयनित जवानों को दौड़, आउटडोर प्रशिक्षण व हथियारों के संचालन का अभ्यास कराया गया।

**कुल 14 जवानों को हेड** कॉन्स्टेबल से एएसआई पद पर पदोन्नत कर जिम्मेदारी सौंपी गई।

आईजी लाम्बा ने प्रमोशन प्रक्रिया को पारदर्शी व निष्पक्ष बताते हुए कहा कि योग्य पुलिसकर्मियों को समय पर पदोन्नति देना विभाग की प्राथमिकता है, जिससे कार्यक्षमता में बढ़ोतरी हो सके।

वहीं, उन्होंने हाल ही में सामने आए ठएएळ छात्रा के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले को लेकर भी गंभीर रुख अपनाया। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस ने त्वरित जांच शुरू कर दी है। आईजी लाम्बा ने आश्वासन दिया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा और उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

# केके विश्नोई का बेनीवाल पर तीखा हमला, कहा- वाइट की कमाई से बनाया है अपना घर, उनको बोलने का हक नहीं

जयपुर । केके विश्नोई ने बेनीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि वाइट कमाई से वाइट हाउस बनाया है। यह संपत्ति विदेश में की गई मेहनत से कमाई गई है और बेनीवाल को सार्वजनिक रूप से इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। राजस्थान की राजनीति में एक बार फिर बयानबाजी तेज हो गई है। उद्योग राज्य मंत्री केके विश्नोई ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल पर जमकर निशाना साधा। विश्नोई ने बेनीवाल को राजस्थान की राजनीति का सबसे अविश्वसनीय नेता करार देते हुए कहा कि वह पाला बदलने में माहिर हैं और युवाओं को गुमराह कर रहे हैं।

विश्नोई ने आरोप लगाया कि खींवसर उपचुनाव के दौरान उन्होंने हनुमान बेनीवाल के झूठ और पाखंड को उजागर किया था, और जनता ने कमल के फूल को जिताकर उन्हें करारा जवाब दिया। उन्होंने यह भी दावा किया कि बेनीवाल ने उन्हें धमकाया और बदनाम करने की कोशिश की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विश्नोई ने अपने वाइट हाउस जैसे बंगले को लेकर भी सफाई दी और बेनीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि वाइट कमाई से वाइट हाउस बनाया है। उन्होंने कहा कि यह संपत्ति विदेश में की गई मेहनत से कमाई गई है और बेनीवाल को सार्वजनिक रूप से इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। महिलाओं पर बयानबाजी को लेकर भी आरोप-विश्नोई ने कहा कि हनुमान बेनीवाल केवल अनर्गल बयानबाजी करते हैं और महिलाओं के खिलाफ भी गलत टिप्पणियां करने से नहीं चूकते। उन्होंने पूर्व मंत्री किरण महेश्वरी के खिलाफ बेनीवाल के पुराने बयानों का हवाला भी दिया।

# अरावली की वादियों में पहाड़ी पर स्थित मनसा माता मे नव कुंडीय श्री दुर्गा महायज्ञ का शुभारंभ

## महिलाओं द्वारा निकाली गई विशाल कलश यात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**



झुंझुनूं चंवरा। क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राचीन मानसा माता मंदिर प्रांगण स्थित सीताराम आश्रम में नव कुंडीय श्री दुर्गा महायज्ञ का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। यज्ञ का आयोजन नागा दुगार्दास महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया और देवी माँ के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा।

कलश यात्रा सीताराम आश्रम से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होती हुई पुनः आश्रम में संपन्न हुई। यात्रा में ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और लोक वाद्यों के साथ श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। महिलाएं सिर पर कलश रखकर श्रद्धा भाव से चल रही थीं, वहीं पुरुष भक्त भक्ति गीतों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे।

नागा दुगार्दास महाराज ने बताया कि महायज्ञ का उद्देश्य ग्राम, समाज और राष्ट्र की सुख-शांति एवं समृद्धि के लिए किया जा रहा है। यज्ञ के दौरान प्रतिदिन वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ आहुतियां दी जाएंगी तथा संध्याकालीन भजन-कीर्तन और प्रवचन का आयोजन भी किया जाएगा।

महायज्ञ में दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंच रहे हैं और मनसा माता के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने और धर्म लाभ लेने की अपील की है।

रामावतार स्वामी ,बिजेंद्र सिंह, महिपाल सिंह , मदन , मनसा माता के पुजारी ललित शर्मा नेवरी , अनिल गोयल पचलंगी, अजय सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डॉ. गिरिजा व्यास को वैदिक सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई, महिला पुरोहित ने पढ़े संस्कार



उदयपुर । पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री डॉ. गिरिजा व्यास का शुक्रवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान महिला पुरोहित सरला गुप्ता ने संस्कार मंत्र पढ़े।

पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री और उदयपुर की गौरवशाली बेटी डॉ. गिरिजा व्यास का शुक्रवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ अंतिम संस्कार किया गया। दैत्य मगरी स्थित आवास से उनकी अंतिम यात्रा सायं 4:15 बजे रवाना हुई और अशोकनगर मोक्षधाम में आर्य समाज की विधियों के अनुसार सम्मानपूर्वक विदाई दी गई।

जीवन भर नारी सशक्तिकरण की पक्षधर रहीं डॉ. व्यास की अंतिम यात्रा भी उनके विचारों की ही प्रतिनिधि बनी। आर्य समाज की वैदिक परंपराओं के अनुसार हुए अंतिम संस्कार में महिला पुरोहित सरला गुप्ता ने मंत्रोच्चार किया और अंतिम क्रियाएं संपन्न कराईं। पार्थिव देह को उनके भतीजे ने मुखाग्नि दी।

# लोकसभा स्पीकर ओम बिरला नशे के सख्त खिलाफ, जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने के प्रशासन को दिए निर्देश



कोटा । ओम बिरला ने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हर ब्लॉक स्तर पर टीमें गठित की जाएं, सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए और आमजन की भागीदारी से अभियान चलाकर नशे के अड्डों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संभागीय आयुक्त कार्यालय में कोटा शहर में चल रहे विकास कार्यों और जनसुविधाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से शहर में नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर गहरी चिंता जताते हुए प्रशासन और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाए।

उन्होंने कहा कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हर ब्लॉक स्तर पर टीमें गठित की जाएं, सूचना तंत्र को मजबूत किया जाए और आमजन की भागीदारी से अभियान चलाकर नशे के अड्डों की पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाए। हमारा लक्ष्य यह होना चाहिए कि कोटा नशामुक्त बने और युवा पीढ़ी इस खतरे से दूर रहे।

लोकसभा अध्यक्ष ने प्रस्तावित संविधान पार्क की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि डिजिटल तकनीक का उपयोग कर पार्क को संविधान से जुड़ी जानकारी देने वाला प्रेरक केंद्र बनाया जाए। युवाओं के लिए इंटरएक्टिव माध्यमों से संविधान निमार्ताओं, उद्देश्यों और संविधान सभा की चचाओं को समझने की व्यवस्था की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि चिन्हित भूमि पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो।

बिरला ने कहा कि मानसून से पहले जलभराव वाले क्षेत्रों, नालों और सड़कों की डीपीआर तैयार कर आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर पूरे किए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि नगर निगम, केडीए और संबंधित विभागों के अधिकारी फील्ड में रहकर रोड लाइट, फुटपाथ और सफाई व्यवस्था की निगरानी करें।

बिरला ने शहर के सौंदर्यीकरण के तहत अवैध होर्डिंग्स हटाने, दोषियों पर जुमार्ना लगाने और आवश्यकता अनुसार एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। फुटपाथों पर खड़े वाहनों को हटाने और किसी गरीब को बिना परेशान किए व्यवस्थित करने की योजना बनाई

# सभासद के घर में घुसकर फायरिंग करने वाला बदमाश गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** पुलिस ने सभासद के घर में घुसकर फायरिंग करने के आरोप में हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।
गुरुवार देर रात हिस्ट्रीशीटर बदमाश 8नाम धूरी ने मोहल्ला आलकलां के वर्तमान सभासद रईस पुत्र



जमशेद अहमद के घर में घुसकर अपने नकाबपोश साथियों के साथ मिलकर फायरिंग कर दी थी। सभासद ने छुपकर बमुश्किल अपनी जान बचाई थी।घटना को अंजाम देकर हिस्ट्रीशीटर साथियों सहित मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खोखा कारतूस भी मौके से बरामद किए हैं। पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।

# आतंकी हमले के विरोध में निकाली पाकिस्तान की शव यात्रा

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देशभर में गुस्सा है, जिसके चलते विजय हिंदुस्तानी ने गांव भभीसा में पाकिस्तान की शवयात्रा निकाली। विजय हिंदुस्तानी ने जनाजे पर पाकिस्तानी झंडा और पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर, हनीफ अब्बासी, बिलावल भुट्टो और ख्वाजा आसिफ की तस्वीरें रखीं। क्षेत्र के गांव भारसी निवासी युवक विजय हिंदुस्तानी ने कहा कि पहलगाम में अब निर्दोष व्यक्तियों को आंतकवादियों के द्वारा मौत के घाट उतार दिया गया। पहले तो जवान शहीद होते थे, लेकिन इस बार तो पाकिस्तान ने सारी हदें पार कर दी हैं। पाकिस्तान हमारे



नागरिकों और सैनिकों पर हमला कर रहा है और परमाणु बम का इस्तेमाल करने की धमकी दे रहा है। चाहे रक्षा मंत्री हों, रेल मंत्री हों या सेना प्रमुख, सब कुछ हमारी आंखों के सामने दिखाई देता है। भभीसा के मुख्य मार्गों से पाकिस्तान की शव यात्रा निकालते हुए उसे आग के हवाले कर दिया। गौरतलब है कि इससे पूर्व विजय हिंदुस्तानी ने घोषणा की थी कि जो भी इन सभी पाकिस्तानी नेताओं के सिर लाएगा, उसे 10 करोड़ रुपये का इनाम दिया जाएगा। देशभक्ति के चलते विजय ने अपने शरीर पर 267 शहीदों के नाम का टैटू गुदवा रखे है।

## 4 मई को होगा किड्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप ट्रायल का आयोजन

**शामली।** शहर के उधमसिंह स्टेडियम में 4 मई को प्रथम उत्तर प्रदेश राज्य किड्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। ट्रायल में 80 मीटर दौड, लंबी कूद व भाला फेंक की स्पधाएँ होंगी जिसमें चयनित बच्चे 7 मई को मेरठ में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगें। एथलीट सचिव जबरसिंह खैवाल ने बताया कि 4 मई को शहर के उधमसिंह स्टेडियम में प्रथम उत्तर प्रदेश राज्य किड्स एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के ट्रायल का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन बालक-बालिकाओं के लिए 5 भिन्न-भिन्न आयु वर्गो में किया जाएगा जिसमें पहला वर्ग 4 से 6 वर्ष आयु के बच्चों, दूसरा वर्ग 6 से 8 वर्ष तक के बच्चों, तीसरा वर्ग 8 से 10 वर्ग के आयु के बच्चों, चौथा वर्ग 10 से 12 वर्ष के बच्चों व पांचवां वर्ग 12 से 14 वर्ग के बच्चों के लिए होगा। प्रत्येक वर्ग में एक समान तीन-तीन इवेंट आयोजित किए जाएंगे जिसमें से एक खिलाडी दो इवेंट में भाग ले सकता है। उन्होंने बताया कि इवेंटस में 80 मीटर दौड, लंबी कूद व भाला फेंक प्रतियोगिताएं होंगी। ट्रायल में चयनित बच्चे 7 मई को मेरठ के शोभित विश्वविद्यालय में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग लेंगे।

# गौशाला के समीप मृत अवस्था में पड़े मिले गोवंश

**हिंदू संगठन के लोगों में आक्रोश फैला, गौशाला के बाहर हंगामा, गौवंश के शवों को जेसीबी मशीन से दबवाया**





**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव इस्सोपुरटील में गौशाला के निकट गोवंश के शव मिलने से हिंदू संगठन के लोगों में आक्रोश फैल गया। आरोप है कि गौशाला की देख रहे करने वालों की अनदेखी के चलते आए दिन गोवंश की भूख प्यास के चलते मौत हो रही है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हंगामे को शांत करते हुए गौवंश के शवों को जेसीबी मशीन से दबवाया। हिंदू संगठन के लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। इस्सोपुरटील में सरकार की ओर से लाखों रुपए खर्च कर अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया गया है। गौशाला में सैकड़ों गौवंश को रखा गया है। गौशाला के निकट एक गड्ढे में कई गौवंश के शव पड़े थे। आरोप है कि गौशाला में गौवंश की मौत के बाद देख रहे करने वालों ने शवों को गड्ढे में डाल दिया था। जिसके चलते राहगीरों को परेशानी हो रही थी। शुक्रवार को गोरक्षा दल के लोगों ने विरोध किया, सूचना पर हिंदू संगठन के लोग भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि गौवंश के शरीर को आवारा कुत्ते ओर पशु खा रहे थे। मौके पर मौजूद लोगों ने वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दी। हंगामा प्रदर्शन कर रहे लोगों ने गौशाला में गौमाता की जय के नारे लगाते हुए वीडियो भी बनाई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को समझा बूझाकर कर शांत किया। उसके बाद जेसीबी मशीन बुलवाकर गढ्ढों को मिट्टी से बंद करवाया। हिंदू संगठन के लोगों ने गौशाला संचालक ओर लापरवाही कि आरोप लगाते हुए प्रशासन से जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई कराए जाने की मांग की है। विकासखंड अधिकारी अंशुल चौहान का कहना है कि गौशाला में कोई गौवंश नहीं मरा है। कई बीमार है उनका उपचार कराया जा रहा है। गौशाला के निकट ही हडवाडे है, किसी ने अपना मरा हुआ पशु डाल रखा था। कुछ लोग बिना अनुमति के गौशाला में घुस गए थे। उनके खिलाफ कार्रवाई कराए जाने के लिए थाने में शिकायत की जा रही है।

# मंडावर फायरिंग प्रकरण में दो वांछित गिरफ्तार

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** गत 27 अप्रैल को नौशाद पुत्र जीजू निवासी ग्राम मण्डावर द्वारा एक राय होकर घर में घुसकर, गाली- गलौज करते हुए जानलेवा हमला किया गया था। पीड़ित द्वारा घटना के सम्बन्ध में कैराना कोतवाली पर तहरीर देकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया था। पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आदेशानुसार चलाये जा रहे अपराध की रोकथाम एवं अपराध में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कैराना के



निकट पर्यवेक्षण में शुक्रवार को कैराना पुलिस द्वारा फायरिंग व जनलेवा हमले में वांछित चल रहे अब्बास उर्फ बासा पुत्र लिसा उर्फ अलीहसन व मोसिम पुत्र अब्बास उर्फ बासा निवासीगण ग्राम मण्डावर को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

## साइबर ठगी के शिकार पीडित के 2.29 लाख वापस कराए

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** वादी आकाश निर्वाल पुत्र स्व0 जितेन्द्र निर्वाल निवासी निकट किसान धर्मशाला, रेलपार थाना आदर्शमण्डी जनपद शामली से अज्ञात व्यक्ति द्वारा वर्क फ्रॉम होम के नाम पर पैसे की ठगी कर ली गयी थी। वादी की तहरीर के आधार पर साइबर क्राइम थाना शामली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। साइबर क्राइम थाना शामली द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए ठगी गई धनराशि 2,29,488 रुपये होल्ड व फ्रीज कराये गये। साइबर क्राइम थाना शामली द्वारा विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुये वादी के कैनरा बैंक, एचडीएफसी बैंक खाता में ठगी की गयी धनराशि 2,29,488 रुपये में वापस करायी गयी।

# 290 वी रैंक प्राप्त करने वाली आयुषी चौधरी का गांव भभीसा में स्वागत

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** यूपीएससी में 290 रैंक प्राप्त करने के बाद आयुषी चौधरी अपने पैतृक गांव भभीसा पहुंची, जहां पर ग्रामीणों व नगर के लोगों द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया गया। बेटी की बड़ी उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों ने जमकर सम्मान दिया। क्षेत्र के गांव भभीसा के अनुदेशक विवेक जावला की बेटी आयुषी चौधरी ने यूपीएसी में 290 वी रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। क्षेत्र की बेटी की बड़ी उपलब्धि से खुशी का माहौल है। आयुषी चौधरी के परिजनों को बधाई देने के लिए क्षेत्र के लोगों का तांता लगा हुआ है। गांव सुन्ना के कंपोजिट विद्यालय में अध्यापक विवेक कुमार की बेटी आयुषी चौधरी ने यूपीएससी की परीक्षा में बाजी मारकर सभी को चौका दिया।



पिता विवेक ने बताया कि बेटी द्वारा यूपीएससी की परीक्षा में शानदार पोजीशन पाने की खबर के बाद खुशी का माहौल है।
यूपीएससी परीक्षा पास करने बाद भभीसा निवासी की आयुषी शुक्रवार को गांव में पहुंची। शाम के समय आयुषी चौधरी दिल्ली से कांधला होते हुए अपने गांव पहुंची। कांधला पहुंचने पर आयुषी चौधरी व परिजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। तत्पश्चात आयुषी चौधरी अपने काफिले के साथ बुढ़ाना मार्ग से होते हुए गांव भभीसा के आर्य समाज मंदिर मे पहुंची। जहां पर आयुषी चौधरी के सम्मान में ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत, भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र निर्वाल, भाजपा एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, कुलदीप उज्जवल, ब्लाक प्रमुख विनोद मलिक, बिजेंद्र मलिक, जयवीर सिंह, राजेंद्र भारसी, सुनील पंवार, जिला पंचायत सदस्य अरविन्द पंवार, हरेंद्र प्रधान, सतवीर पंवार, यशपाल सिंह, डॉक्टर विक्रांत जावला राजन जावला सहित गणमान्य लोगों ने आयुषी चौधरी को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया।

## संक्षेप समाचार :

### नाम बदलकर पुजारी बने हिस्ट्रीशीटर को पुलिस ने पकड़ा

कैराना। शुक्रवार को कैराना कोतवाली पुलिस क्षेत्र के गांव गोगवान में हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की निगरानी के लिए गई हुई थी। इसजी दौरान मुखबिर खास से सूचना मिली कि 30 वर्षों से पुलिस की आंखों में धूल झोंक कर हिमाचल राज्य में स्थित एक मंदिर में पुजारी बन ऐशो आराम की जिंदगी काट रहा हिस्ट्रीशीटर बदमाश बाबू पुत्र मुख्तियारा गाँव में आया हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम हरकत में आ गई। आनन- फानन में बाबू की तलाश में एक मकान पर छापेमारी की गई तो हिस्ट्रीशीटर बदमाश एक में मकान में मौजूद मिला। पुलिस बदमाश को गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। पूछताछ के दौरान हिस्ट्रीशीटर बाबू ने पुलिस को बताया कि उसके खिलाफ कैराना कोतवाली में अपहरण का एक मुकदमा दर्ज है और उसका हिस्ट्रीशीटर नम्बर 96 ए अंकित है। लगभग 30 वर्ष पूर्व वह घर से लापता होकर हिमाचल राज्य के एक मंदिर में पुजारी बन गया था और वहीं रहकर जिंदगी व्यतीत कर रहा था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह का कहना है कि बाबू के खिलाफ थाना में अपहरण का एक मामला दर्ज है। जानकारी जुटाने के बाद उसे सपुर्दगी में दे दिया गया है।

### छात्राओं को दी गयी बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी

शामली। सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में शुक्रवार को मिशन शक्ति, बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर भारती व नीलम सैनी ने कहा कि आधुनिक समय में भी हमारे देश की बेटियां बाल विवाह के दुष्प्रभाव से पीडित है, यदि 18 से कम आयु की बालिका का विवाह किया जाए तो वह उसके लिए प्राणघातक साबित हो सकता है, इसकी रोकथाम के लिए सबको आगे आना होगा, अगर किसी भी स्थान पर बाल विवाह होने की सूचना मिले तो इसकी जानकारी 1098, 112, 181 हेल्पलाइन नंबरों पर दी जा सकती है।

### मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज

कैराना। बाइक सवार युवक के साथ मारपीट करने व तेजधार हथियार से हमला करके गंभीर घायल करने के आरोप में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। जहानपुरा निवासी जुनैद पुत्र जाबिर ने कोतवाली पर तहरीर देकर मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है। बताया है कि ग्राम आल्दी में उसने सहेन्द्र के खेत पर पार्टनरशिप में पलेज लगा रखी है। गत मंगलवार की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे उसका भाई प्रवेज पुत्र जाबिर ग्राम आल्दी में स्थित अपनी पलेज से अपनी मोटरसाईकिल स्पलेंडर प्लस संख्या यूपी 19 एफ 1131 पर सवार होकर अपने घर ग्राम जहानपुरा आ रहा था,जैसे ही वह जहानपुरा के निकट पहुँचा तो तभी रास्ते में उसे चार व्यक्ति मिले। जिन्होंने उसे तमंचा दिखाकर रोक लिया और उसके साथ गाली-गलौच करते हुए लात,घुस्सो से मारपीट करनी शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर उक्त व्यक्तियों ने उसके पेट में चाकू मारकर उसे घायल कर दिया। परिजनों ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया है,जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने साकिर उर्फ काला पुत्र जाकिर निवासी ग्राम जहानपुरा के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

## अवि निर्वाल ने दुबई में जीते पदक

**शामली।** शहर की जाट कालोनी निवासी अवि निर्वाल ने दुबई में आयोजित बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में भाग लिया। अवि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बॉडी बिल्डिंग व मेन फिजिक में गोल्ड मैडल हासिल कर अपने देश व जिले का नाम रोशन किया है। शुक्रवार को उनके आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, अमित निर्वाल, सुनील चौधरी, सतेन्द्र, कुलदीप पवार आदि ने अवि निर्वाल का फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। वक्ताओं ने कहा कि अवि निर्वाल ने दुबई में गोल्ड मैडल जीतकर अपने देश व परिवार का नाम रोशन किया है। अवि निर्वाल सितम्बर माह में इटली में होने मिस्टर यूनिवर्स में भाग लेंगे। इसके अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा ने भी अवि निर्वाल को मैडल जीतने पर बधाई दी व उनका हौंसला बढाया।

# झमाझम बारिश से मौसम हुआ सुहाना, भीषण गर्मी से राहत

**देर रात से बिगडा मौसम का मिजाज, पूरे दिन छाए रहे बादल, कई जगह जलभराव, बारिश के कारण घंटों बाधित रही बिजली आपूर्ति, नहीं मिला पानी**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बारिश होने से काफी राहत मिली। गुरुवार की देर रात से मौसम के खराब रहने व झमाझम बारिश होने शुक्रवार को मौसम सुहाना बना रहा। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे, वहीं बारिश के कारण कई जगह जलभराव होने से लोगों को परेशानियां भी झेलनी पडी। वहीं बारिश के चलते विद्युत आपूर्ति भी घंटों बाधित रही जिस कारण लोगों को पानी भी नहीं मिला। पिछले काफी समय से लोग भीषण गर्मी से जूझ रहे थे। चिलचिलाती धूप के कारण लोगों का घरों से निकलना भी मुश्किल हो गया था। गर्मी व लू



के कारण लोग पसीन-पसीना हो रहे थे लेकिन गुरुवार की रात मौसम का मिजाज बिगड गया और झमाझम बारिश शुरू हो गयी। शुक्रवार की सुबह भी बारिश का सिलसिला जारी रहा, हालांकि कुछ समय बाद बारिश रुक गयी लेकिन आसमान में बादल छाए रहे, बीच-बीच में रुक-रुककर बूंदाबांदी से मौसम सुहाना बन गया। ठंडी



हवाओं ने लोगों को भीषण गर्मी से राहत दिलाई। बारिश के चलते कई जगह जलभराव की भी स्थिति पैदा हो गयी इसके चलते जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। सड़कों पर जलभराव व कीचड़ से लोगों को दो चार होना पड़ा। शहर के नगरपालिका रोड, कोतवाली रोड, नेहरू मार्किट, कमला मार्किट माजरा रोड, गुरूद्वारा तिराहा, बड़ा बाजार, फव्वारा चौक, रेलवे रोड, दयानंद नगर विभिन्न इलाकों में बारिश का पानी भरने से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ा। वहीं देर रात बारिश होने से बिजली आपूर्ति भी गुल हो गयी। तेज हवाओं के कारण सहारनपुर रोड पर पेडों की टहनियां गिरने से भी बिजली का फाल्ट ढूंढने में बिजली कर्मचारियों को अच्छी खासी मशक्कत करनी पडी। बिजली न आने से शुक्रवार की सुबह लोगों को पानी के लिए भी तरसना पडा।

# पीडब्ल्यूडी का नाला पहली बारिश में ही ढहा, एक साल भी नहीं टिक सका निर्माण

**ग्रामीण बोले : नाला नहीं, घटिया निर्माण की मिसाल है ये, जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** चौसाना क्षेत्र के खोडसमा गांव में पीडब्ल्यूडी की लापरवाही का ताजा नमूना सामने आया है। बिडौली-चौसाना मार्ग के बराबर में खोडसमा से चौसाना तक पीडब्ल्यूडी ने वर्षा जल निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया था। मकसद था कि बारिश के दौरान सड़कों पर पानी न भरे और लोगों को आवागमन में दिक्कत न हो। लेकिन यह नाला महज एक साल में ही ढह गया। शुक्रवार सुबह हुई हल्की बारिश में ही खोडसमा गांव में शनि देव मंदिर के सामने, राहुल के घर के पास बना नाला मामूली बहाव नहीं झेल पाया और ताश के पत्तों की तरह भरभरा कर टूट गया। स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यह नाला सरकारी धन की बबार्दी का जीता-जागता उदाहरण है। निर्माण में इतनी घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया कि हल्की सी बारिश में ही यह ध्वस्त हो गया। गांव निवासी इकबाल, राहुल, राजकुमार और आनंद कुमार ने



बताया कि जब यह पहली बारिश नहीं झेल सका, तो आने वाले मानसून में इसका क्या हाल होगा, ये सोचकर ही डर लगता है। सरकार की योजना अच्छी थी, पर काम करने वालों ने इसमें जमकर गोलमाल किया है। पहली बरसात में ही सब कुछ उजागर हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि जब उन्होंने इसकी जानकारी देने के लिए पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर को फोन किया, तो उन्होंने कॉल बार-बार काट दी। मैसेज भेजने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। इससे साफ है कि विभाग जिम्मेदारी से भाग रहा है। जब अधिकारी फोन नहीं उठाते और नाले पहली बारिश में टूट जाते हैं, तो सवाल उठाना लाजमी है। इसकी जांच होनी चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए।"

# बिजलीघर के पास एक फुट पानी, दुकानदारों का प्रदर्शन

**जलनिकासी से नाराज व्यापारियों ने कहा—पहले सड़क ऊंची करो, फिर करो मरम्मत**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** गांव चौसाना में शुक्रवार सुबह हुई मामूली बारिश ने लोक निर्माण विभाग (ढहऊ) की कार्यशैली की पोल खोल दी। बिजलीघर के पास मुख्य सड़क पर करीब एक-एक फुट पानी भर गया। जलभराव से परेशान दुकानदारों ने मौके पर इकट्ठा होकर प्रदर्शन किया और पीडब्ल्यूडी के खिलाफ नारेबाजी की। व्यापारियों का कहना है कि बिडौली-चौसाना मार्ग पर इन दिनों सड़क मरम्मत का कार्य चल रहा है, लेकिन विभाग ने बिजलीघर के पास की सड़क, जो पहले से नीची है, को बिना ऊंचा किए ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया। हालत यह है कि नाले सड़क से ऊंचे बना दिए गए हैं, जिससे मामूली बारिश में भी पानी की निकासी नहीं हो पाती और पूरी सड़क जलमग्न हो जाती है। प्रदर्शन में शामिल डॉक्टर सलीम, डॉक्टर मोनू, डॉक्टर मनोज, इमरान, अबरार, अमित, मुकेश, धर्मपाल,



शकील, शमशाद, नीटू, परवेज, मोहित, शहजाद, योगेश आदि ने बताया कि यहां जरा सी बारिश होते ही सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाता है। इससे न केवल राहगीरों को परेशानी होती है, बल्कि दुकानों में भी पानी घुस जाता है। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि यदि विभाग ने जल्द से जल्द सड़क को ऊंचा करने और जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने का कार्य शुरू नहीं किया, तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। स्थानीय निवासी परवेज ने कहा, "हर साल बरसात में यही हालत होती है। विभाग ने नालियों की ऊंचाई तो बढ़ा दी लेकिन सड़क को वैसे ही छोड़ दिया। ये जनता के साथ मजाक है। डॉक्टर सलीम बोले, "हम डॉक्टर हैं, लेकिन मरीजों को क्लिनिक तक लाना मुश्किल हो गया है। चारों ओर पानी भरा है। योगेश ने कहा, "पीडब्ल्यूडी को पहले यहां पत्थर डालकर सड़क ऊंची करनी चाहिए थी, फिर मरम्मत होती तो आज ये नौबत न आती।

# विधि विधान से देव प्रतिमाओं की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**कलेक्ट्रेट में नवनिर्मित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में हवन पूजन व भंडारे का आयोजन**

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** कलेक्ट्रेट प्रांगण स्थित नवनिर्मित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार को देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ की गई। इस मौके पर हवन, पूजन एवं विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों व अधिवक्ताओं ने उत्साह से भाग लिया। जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट प्रांगण में नवनिर्मित मंगलेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव परिवार व अन्य देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पिछले करीब पांच-छह दिनों से पूजा अर्चना की जा रही थी, गुरुवार को प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व नगर परिक्रमा भी निकाली गयी थी जिसमें कलेक्ट्रेट के अधिकारियों, कर्मचारियों व अधिवंक्ताओं ने भाग लिया था। शुक्रवार को सुबह के समय हवन पूजन हुआ जिसमें सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, एडीएम



संतोष कुमार सिंह, एसडीएम सदर विनय प्रताप सिंह भदौरिया सहित अन्य लोगों ने भाग लिया, इसके बाद मंदिर में पूरे विधि विधान के साथ सभी देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। कार्यक्रम के पश्चात कलेक्ट्रेट में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। समाजसेवी चरत बंसल, डा. अनुराग शर्मा, प्रदीप पंवार, विजेन्द्र कुमार, संजीव मलिक, राजेश शर्मा, सवित मलिक, रामकुमार भी मौजूद थे।

**आवश्यकता है**
दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

### मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने साहिबगंज में आयोजित बैठक में की शिरकत

# झारखण्ड सहायक अध्यापकों ने सौंपा मांग पत्र

**एनपीटी ब्यूरो**

साहेबगंज (झा०खं०), 01 मई 2025 बृहस्पतिवार को उत्सव बैंक्विट हॉल जिला परिषद साहिबगंज में कांग्रेस की मंथन संगठन सृजन कार्यक्रम जिला अध्यक्ष बरकतुल्लाह खान की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में झारखण्ड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रही। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह- साहिबगंज जिला कमेटी के प्रदेश प्रभारी मणि शंकर भी उपस्थित रहे। संगठन सशक्तिकरण के लिए आयोजित इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस जिला के प्रभारी मणि शंकर ने एजेंडा बताते हुए उपस्थित प्रखण्ड अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं अगड़ी संगठन के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि अभिलंब प्रखण्ड कांग्रेस कमेटी का गठन कर सूची जमा करे तथा आगामी 15 में तक पंचायत कमेटियों की सूची जमा करे। साथ ही 6 मई को प्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ रैली में बढ़ चढ़कर साहिबगंज के कांग्रेसी कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। मणि शंकर ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि विगत कुछ वर्षों से मल्लिका अर्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के नेतृत्व में देशभर में जातीय जनगणना करने का संघर्ष सड़क से सदन तक कांग्रेस पार्टी ने किया। बुधवार को कांग्रेस पार्टी की बहुत बड़ी जीत हुई। जब मोदी सरकार को कांग्रेस की मांग को मनाना पड़ा और मोदी सरकार के कैबिनेट ने घोषणा किया कि पूरे देश में जातीय जनगणना कराई जायेगी। मणि शंकर ने बैठक में प्रस्ताव लाया कि इस कांग्रेस की जीत के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी के प्रति आभार प्रकट किया गया। साथ ही नेतृत्व को बधाई दी गई कि कांग्रेस की यह बहुत बड़ी विजय है। उपस्थित सभी पदाधिकारी ने हाथ खड़ा करके इस प्रस्ताव को अपना समर्थन प्रदान किया और पारित किया। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री एवं साहिबगंज जिला कांग्रेस के प्रभारी मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने इस बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता इस पार्टी के रीढ़ हैं और कांग्रेस कार्यकताओं को किसी भी तरीके की ग्रामीण विकास मंत्रालय से मदद की जरूरत होगी तो बतौर मंत्री हम उनकी मदद करेंगे। उन्होंने आगामी 6 तारीख को रांची में आयोजित संविधान बचाओ रैली में कांग्रेस कार्यकताओं को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का न्योता दिया। ग्रामीण विकास मंत्री ने साहिबगंज जिला के बदहाल सड़कों पर चिंता व्यक्त की एवं विश्वास व्यक्त किया कि जल्द ही उचित कदम उठाकर के इन सड़कों का पुनर्निर्माण कराया जायेगा। बैठक की समाप्ति राष्ट्रगान से हुई एवं धन्यवाद ज्ञापन मोहम्मद कलीमुद्दीन ने किया। वही मंत्री दीपिका पांडेय सिंह का साहेबगंज दौरा के दौरान झारखण्ड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से मुलाकात कर उनकी मांगों के सम्बन्धित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने स्थायीकरण और वेतनमान का 6 साल पुराना वादा याद दिलाते हुए मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के सामने सहायक आचार्य नियुक्ति परीक्षा में आकलन परीक्षा पास करने वाले पारा शिक्षकों को भी शामिल होने का अवसर देने, मेडिकल बीमा और किसी पारा शिक्षक की आकस्मिक मृत्यु होने पर उनके आश्रित को अनुकंपा पर सीधी नियुक्ति देने की मांग पेश की। सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को तर्क सहित समझाया कि उनकी मांगें कैसे जायज हैं। मोर्चा के साहिबगंज जिलाध्यक्ष अशोक कुमार साह ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा। झारखण्ड राज्य प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश महासचिव विकास कुमार चौधरी ने कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव से पहले मौजूदा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पारा शिक्षकों के स्थायीकरण और वेतनमान का वादा किया था लेकिन 6 साल बाद आज भी ये पूरा नहीं किया गया। विकास चौधरी ने कहा कि बिहार में सरकारी शिक्षक नियुक्ति में दक्षता अथवा आकलन परीक्षा पास करने वाले पारा शिक्षकों को भी शामिल होने का मौका मिलता है जबकि झारखंड में ऐसा नहीं है। उन्होंने तर्क दिया कि प्रदेश में वर्ष 2016 से ही टेट परीक्षा का आयोजन नहीं किया गया है तो ऐसे में आकलन परीक्षा पास कर चुके पारा शिक्षकों को सहायक आचार्य नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल होने का मौका दिया जाये. साथ ही टेट के समकक्ष मानदेय की भी मांग है। पारा शिक्षकों ने मेडिकल बीमा की मांग की संघ ने मंत्री दीपिका पांडेय सिंह से कहा कि प्राकृतिक आपदा अथवा सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले आम नागरिकों को 4 लाख रुपये की सरकारी सहायता मिलती है लेकिन लगभग 20 साल सेवा दे चुके पारा शिक्षकों के साथ अनहोनी हो जाए तो उनके आश्रितों को आर्थिक लाभ नहीं मिलता। इसी प्रदेश में सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को न्यूनतम अंशदान पर कम से कम 6 लाख और अधिकतम 10 लाख रुपये का मेडिकल बीमा मिलता है। संघ की शिकायत है कि पारा शिक्षकों को इससे क्यों वंचित किया गया है? अनुकंपा पर नौकरी का नियम विरोधाभासी संघ ने कहा कि 28 अगस्त 2024 को विभाग के साथ समझौता हुआ लेकिन अधिकारियों ने अनुकंपा पर आश्रितों को नौकरी की मांग पर विरोधाभासी निर्णय लिया है। कहा है कि अनुकंपा आधारित पदों पर सहायक अध्यापकों के आश्रितों को 30 फीसदी आरक्षण देंगे जबकि इसमें सीधी नियुक्ति का प्रावधान होना चाहिए संघ ने दावा किया कि सहायक अध्यापक सेवा शर्त नियमावली 2021 को कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद 300 सहायक अध्यापकों की आकस्मिक मौत हो चुकी है लेकिन किसी भी आश्रित को अनुकंपा पर नौकरी का लाभ नहीं मिला। मानदेय वृद्धि और कार्यकाल बढ़ाने की भी मांग की। सहायक अध्यापक संघ ने मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के सामने मांग रखी है कि 28 अगस्त 2024 को हुये समझौते के मुताबिक उनके मानदेय में तत्काल 1 हजार रुपये की वृद्धि हो प्रतिवर्ष मानदेय में 4 फीसदी वृद्धि की जाये।



# राज्य सरकार का केन्द्र को जवाब, नियम के तहत डीजीपी अनुराग गुप्ता की नियुक्ति, मामला कोर्ट में लंबित, पद से हटाना सही नहीं

**एनपीटी ब्यूरो**

केन्द्र सरकार द्वारा झारखण्ड डीजीपी अनुराग गुप्ता के सिवा बिस्तर पर रोक लगाने के बाद राज्य सरकार ने इस मुद्दे पर कानूनी राय लेने के पश्चात अपना जवाब भेजा है। 30 अप्रैल 2025 को केन्द्र सरकार के आदेश पर आज सहमति जताते हुए अपना जवाब भेजा है। केन्द्र को भेजे गये जवाब में डीजीपी की नियुक्ति के लिए राज्य सरकार द्वारा बनाये गये नियम को सही बताया गया है। कहा है कि सरकार द्वारा बनाया गया नियम सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निदेशों के अनुरूप है। राज्य सरकार ने पुलिस अधिनियम में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए डीजीपी की नीति बनाई है। पत्र में यह कहा गया है कि डीजीपी की नियुक्ति के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में भी मामला लंबित है। कोर्ट को अभी तय करना है कि अनुराग गुप्ता की नियुक्ति नियमों के अनुरूप है या नहीं। इसलिए इस मुद्दे पर कोर्ट का फैसला आने से पहले ही उन्हें पद से हटाना सही नहीं है। झारखण्ड की हेमन्त सरकार ने 27 जुलाई 2024 को पुलिस महानिदेशक यानी डीजीपी बनाया गया था। अनुराग गुप्ता ने अजय कुमार सिंह से प्रभार लिये थे। लेकिन विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने प्रभारी डीजीपी के पद से अनुराग गुप्ता को हटा दिया था। विधानसभा चुनाव में सरकार गठित होने के बाद तुरन्त मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अनुराग गुप्ता को डीजीपी पद पर फिर से तैनात कर दिया। डीजीपी पद पर नियुक्ति के लिए एक विशेष नियमावली बनाई गई। जिसके आधार पर अनुराग गुप्ता को राज्य का स्थाई पुलिस महानिदेशक बना दिया गया। इस पद पर उनका पदस्थापन दो वर्षों के लिए हुआ। राज्य सरकार की अधिसूचना के अनुसार 26 जुलाई 2026 तक के लिए अनुराग गुप्ता पुलिस महानिदेशक बने रहते। लेकिन राज्य सरकार के द्वारा नियमावली बनाकर अनुराग गुप्ता को पुलिस महानिदेशक बनाये जाने का निर्णय सवालों के घेरे में आ गया। इस पर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप भी चले। इधर केन्द्र सरकार ने अनुराग गुप्ता की नियुक्ति पर अपना मंतव्य दिया है। इसमें नियुक्ति को गलत बताया गया है।



# 15 अप्रैल से पहले ही मंईया सम्मान के लाभुकों को दी जा सकती है भुगतान

**एनपीटी**

झारखण्ड में मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना को लेकर बड़ी अपडेट प्रकाश में आया है। मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को अपने बैंक अकाउंट में पैसे आने बेसब्री से इंतजार रहता है। पिछले दफा की तरह इस दफा भी लाभुकों को अप्रैल माह की राशि का प्रतिक्षा रहता है। अगर आप भी उनमें से एक है तो आपके लिए खुशखबरी है। राज्य सरकार जल्द ही एक साथ दो माह की राशि (5 हजार रुपये) महिलाओं के खाते में भेज देगी। मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना के तहत लाभार्थियों को अब तक दो बार तीन महीने की किस्त एक साथ दी जा चुकी है। अभी फिलहाल आवेदनों का सत्यापन चल रहा है। सूत्रों की माने तो 15 मई से पहले लगभग 43 लाख लाभार्थियों को दो महीने की किस्त के तौर पर 5,000 रुपये जारी करने की तैयारी चल रही है। जगह- जगह पर शिविर लगाकर आधार सीडिंग, सत्यापन और ई-केवाइसी की प्रक्रिया जारी है। उम्मीद की जा रही है कि यह काम अगले हफ्ते तक पूरा कर लिया जायेगा। गौरतलब हो कि मुख्यमंत्री मईयां योजना की शुरूआत करते समय ही ई-केवाइसी शुरू की प्रक्रिया शुरू की गयी थी। लेकिन तकनीकी परेशानी को देखते हुए उस समय रोक लगा दी गयी थी। अब फिर से पूरी तैयारी के साथ इसे शुरू किया गया है। सत्यापन और आधार सीडिंग का कार्य पूरा होने के बाद महिला, सुरक्षा और बाल विकास विभाग सभी जिलों को राशि भेज देगा. इसके बाद लाभुकों के खाते में पैसा आना शुरू हो जाएगा. संभावना है कि इस माह के तीसरे या चौथे हफ्ते से मंईयां सम्मान योजना का लाभलेने वालों को पैसा मिलना शुरू हो जाएगा. इस बार केवल उन्हें लोगों को यह राशि दी जाएगी क्योंकि जिन्होंने अपना खाता आधार कार्ड से लिंक कराया हो।

## खबर संगम कार्यालय का हुआ विधिवत उद्घाटन

# आज के दौर में एकजुटता जरूरी : कार्यपालक पदाधिकारी

**नेशनल प्रेस टाईम्स व्यूरो**

गोड्डा : गंगटा - ब्लॉक बायपास रोड स्थित शांति नगर मोहल्ले में गुरुवार को ₹खबर संगम₹ नामक न्यूज रूम के जिला कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के द्वारा मंत्रोच्चार के साथ नारियल फोड़कर एवं फीता काट कर किया गया।

इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि आज के युग में एकजुटता बहुत मायने रखती है, और यह बहुत जरूरी भी है। उन्होंने कहा इस तरह के सामूहिक प्रयास समाज को एक अच्छा संदेश भी देती है। कहा साथ ही आमजनों को समाचार देने और लेने में भी कार्यालय के खुलने से काफी आसानी होगी। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग थे जिन्हें वह सिर्फ फेसबुक व यूट्यूब के माध्यम से ही जानते थे लेकिन आज सबों के साथ रुबरु होकर उन्हें काफी खुशी हुई। उन्होंने कार्यालय के लिए शुभकामना देते हुए हर संभव सहयोग की भी बात कही। कार्यक्रम का संचालन विभिन्न खेल संघ के सचिव सूरजीत झा ने किया। इस अवसर पर कार्यालय के वरिष्ठ सदस्य संजीव कुमार झा, मनोज कुमार कुशवाहा, अमरेंद्र सिंह बिट्ठू, नरेंद्र गांधी आदि के द्वारा कार्यपालक पदाधिकारी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि ₹खबर संगम₹ कार्यालय को राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय दैनिक अखबार व न्यूज चैनल के बैनर को सम्मिलित कर तैयार किया गया है।

वहीं इस मौके पर नगर परिषद की निर्वतमान उपाध्यक्षा वेणु चौबे, हज कमिटी सदस्य इकरारुल हसन आलम, निरभ किशोर, कुश्ती संघ अध्यक्ष मनोज कुमार ₹पप्पू₹, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष राजीव मेहता, डॉक्टर मौसम कुमार ठाकुर, अमित सिंह, अनुज परासर, अजित सिंह, मो० इफ्तेखार, पोड़ैयाहाट नेता आशीष यादव, सुभाष चंद्र, मो० इस्लाम, त्रिकोण कुमार, गुंजन, के साथ ही खबर संगम कार्यालय के सदस्यगण रंजीत राठौर, इंतेखाब आलम उर्फ राजू, दिलीप झा इत्यादि मौके पर उपस्थित थे।





# डीसी शंकर शुक्ला एवं कर्ण सत्यार्थी ने सीएम से की शिष्टाचार मुलाकात

**एनपीटी ब्यूरो**

झारखण्ड मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सरायकेला -खरसावां जिला के उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला एवं गुमला जिला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला तथा उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन से सम्मानित किये जाने के लिए बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। इस दिशा में समाज के अन्तिम व्यक्ति तक जनहित से जुड़ी योजनाओं को पहुंचाने में आप जैसे अधिकारियों की अहम भूमिका होती है। सरायकेला खरसावां एवं गुमला जिले को मिले इस सम्मान से पूरा राज्य गौरान्वित हुआ है। मुझे पूरा भरोसा है कि आने वाले दिनों में झारखण्ड विकास योजनाओं के बेहतर और सफल क्रियान्वयन में नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। विदित हो कि 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के प्रभावशाली और नवोन्मेषी क्रियान्वयन के लिए सरायकेला- खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखण्ड को पूरे देश में अव्वल स्थान प्राप्त करने के लिए उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला तथा गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी को नवाचार पहलों एवं लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया था।

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई

एनपीटी ब्यूरो, पाकुड़ (झा०खं०), समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने सम्बन्धित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री आवास से सम्बन्धित, जमीन से सम्बन्धित, सड़क निर्माण से संबंधित एवं मईया सम्मान योजना आदि से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त हुए थे। वही प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान में लेते हुए सम्बन्धित पदाधिकारियों को निष्पादन का जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

# कड़ी धुप में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने पर सामाजिक संस्था की ओर से होगी ट्रैफिक जाम के लिए पानी शरबत



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), कड़ी धुप में ट्रैफिक व्यवस्था संभालने वाले ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को अगले 60 दिनों तक आनंद मंगल सामाजिक संस्था पेय पदार्थ उपलब्ध करायेगी। जिसका शुभारम्भ यातायात पुलिस निरीक्षक एवं सार्जेन्ट मेजर द्वारा फीता काटकर किया गया। संस्था की फाउंडर मेंबर संगीता अग्रवाल ने बताया कि कड़ी धुप में ट्रैफिक जवान अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को संभाले रखते हैं। ऐसे में संस्था ने यह निर्णय लिया कि अगले दो माह जोकि भीषण गर्मी का महीना हैं। इस 60 दिन के अन्तराल में जगह- जगह चौक- चौराहे पर संस्था कि टोटो रुकरुककर जवानों को ठंडा पेय पदार्थ पिलाएगी। यह टोटो हर दिन गोविंदपुर से होकर धनसार तक जायेगी। यातायात निरीक्षक राजेश कुमार ने संस्था के इस प्रयास की खूब सरहाना की।

## सीसीएल मुख्यालय में श्रमिक दिवस पर समारोह मगध को दोहरा सम्मान, चार ठेका श्रमिक भी हुए सम्मानित

एनपीटी ब्यूरो, लातेहार (झा०खं०), अन्तर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय, रांची में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों, क्षेत्रों और इकाइयों को सम्मानित किया गया। समारोह में सीसीएल के अध्यक्ष सह- प्रबंध निदेशक नीलेंदु कुमार सिंह ने कहा कि सीसीएल केवल उत्पादन करने वाली इकाई नहीं, बल्कि श्रमिकों की मेहनत और समर्पण से आगे बढ़ता एक सशक्त संगठन है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 2024-25 में अब तक का सर्वाधिक 87.55 मिलियन टन कोयला उत्पादन कर नया कीर्तिमान बनाया गया है। श्री सिंह ने कहा कि ह्यश्रमिक केवल एक शब्द नहीं, हमारी पहचान हैं। हमें सोच और कर्म, दोनों से श्रमिक बनना होगा।

# अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर पुराने नप भवन में सफाई कर्मियों द्वारा कार्यक्रम आयोजित

**नेशनल प्रेस टाईम्स व्यूरो**

गोड्डा : अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर गुरुवार को नगर परिषद के पुराने भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में झारखंड लोकल बॉडीज इम्प्लाईज फेडरेशन के महामंत्री अनुपलाल हरि मौजूद थे। वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रम मंत्री सह गोड्डा विधायक के पुत्र रजनीश यादव एवं नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार के द्वारा सभी सफाई कर्मियों को फूल माला पहना कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर गोड्डा नगर परिषद एवं महगामा नगर परिषद के सभी सफाई कर्मी मौजूद थे।

वहीं इस मौके पर नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी आशीष कुमार ने कहा कि आज मजदूरों का दिन है। मजदूर है तो चाहे वह किसी भी प्रकार का कार्य हो, संभव है। उनकी भागीदारी के बिना समृद्ध देश व दुनिया की कल्पना नहीं कर सकते हैं। जहां तक नगर पंचायत गोड्डा की बात है तो इन्हीं सफाई कर्मियों के बदौलत हमें स्वच्छ शहर नसीब होता है और हम शहरवासी स्वास्थ्य रह पाते हैं अन्यथा पूरा शहर काबड़खाने में तब्दील हो जाएगा।





# अस्पताल में इलाजरत घायलों से उपासना मरांडी ने की मुलाकात, हर सम्भव सहयोग की दिलाया भरोसा

**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), पाकुड़ जिले के महेशपुर विधानसभा क्षेत्र से हैट्रिक लगाये विधायक प्रो स्टीफन मरांडी की सुपुत्री सह- झामुमो युवा नेत्री उपासना मरांडी उर्फ पिंकी ने शिकारीपाड़ा थाना अन्तर्गत रामपुरहाट- दुमका सड़क पर दलदली के पास सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों का हालचाल जानने फूलो झानों अस्पताल दुमका पहुंची। जहां उपासना मरांडी ने घायलों से मुलाकात करने के पश्चात अस्पताल प्रबंधन से बात कर तत्काल गंभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज करने की बातें कही। साथ ही जरुरत पड़े तो रिम्स भेजने की व्यवस्था करवाई जायेगी का भी इशारा किया। उन्होंने मृतक के परिजनों से भी बातचीत की और सरकारी मुआवजा दिलवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना की सूचना के बाद वो तत्काल घायलों का हालचाल जानने अस्पताल पहुंची है। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन से बात कर ली है, इसके अलावे घायलों को जिस किसी चीज की जरूरत होगी, उन्हें पूरा करने में हर-सम्भव प्रयास करेंगी। बता दे गुरुवार को सुबह तकरीबन 4 बजे शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र में बारातियों को तेज रफ्तार हाईवा ने कुचला। दुल्हन समेत दो लोगों की मौत, 6 घायल हो गये थे। दरअसल, बाइक से जा रहे एक बाराती को सड़क का पत्थर छिटक कर लग गया। जिसके बाद कुछ बाराती रुक कर उसे देखने लगे। इस बीच खाली हाइवा ने बारातियों को कुचल दिया, जिसमें दुल्हन की भी मौत हो गई। सभी महेशपुर विधानसभा के पाकुड़िया थाना अन्तर्गत बाबुझूटी गांव के रहने वाले थे।

# कोआपरेटिव इस्टेट परिसर में नवनिर्मित इनडोर बैडमिंटन कोर्ट का भव्य शुभारंभ किया गया



कानपुर। कोआपरेटिव इस्टेट कार्यालय परिसर में नवीन साज-सज्जा एवं आधुनिक तकनीक से युक्त नवनिर्मित इनडोर बैडमिंटन कोर्ट का उद्घाटन वरिष्ठ भाजपा नेता अजय कपूर के कर-कमलों से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में अजय कपूर ने फीता काटकर कोर्ट का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पश्चात चेयरमैन विजय कपूर एवं उपस्थित उद्यमियों ने अजय कपूर का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उद्यमियों के उत्साहवर्धन हेतु उनकी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया गया। वही अजय कपूर ने अपने संबोधन में कहा कि चेयरमैन विजय कपूर के नेतृत्व में कोआपरेटिव इस्टेट द्वारा उद्योगों और उद्यमियों के हित में अनेक सराहनीय कार्य किए गए हैं। यह नवीन सुविधाओं से युक्त बैडमिंटन कोर्ट उद्यमियों के लिए समर्पित है ह्ल उन्होंने खेलकूद को स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए कहा कि ह्यबैडमिंटन एक ऐसा खेल है, जिससे शरीर के प्रत्येक अंग का व्यायाम होता है। चेयरमैन विजय कपूर के नेतृत्व में उद्यमियों को यह सुविधा एक ही छत के नीचे सुलभ है इस नवनिर्मित इनडोर बैडमिंटन कोर्ट के शुभारंभ से कोआपरेटिव इस्टेट परिसर में खेलकूद की गतिविधियों को नया आयाम मिलेगा और उद्यमियों एवं उनके परिवारों को स्वास्थ्यवर्धक वातावरण प्राप्त होगा। इस अवसर पर कोआपरेटिव इस्टेट के चेयरमैन विजय कपूर, उपाध्यक्ष सुरेश पुरी,आर.पी. सिंह,हरीश ईसरानी,दिनेश कुशवाहा,बसन्त लाल विश्वकर्मा, कार्तिक कपूर,दिनेश आहूजा, नरेश पंजाबी,अजय डंग,पम्मी खन्ना,प्रवीन विज,प्रेम राज,दीपू भइया, श्याम लाल मूलचंदानी, संदीप मल्होत्रा, राजेन्द्र गुप्ता, पम्मी खन्ना,अशोक श्रीवास्तव, अरुण जैन, गुरविन्दर सिंह ह्यगप्पीह्न, हरेन्दर सिंह डिम्पल, अंश चंदेल सहित सैकड़ों उद्यमीगण उपस्थित रहे।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी कर्मचारी यूनियन ने मनाया मजदूर दिवस।

एनपीटी ब्यूरो

दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी कर्मचारी यूनियन ने मजदूर दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर उप प्रधान धर्मेंद्र तिवारी, प्रचार सचिव अवधेश कुमार और श्याम लाल कॉलेज सांध्य के प्रधान मोहम्मद परवेज ने मजदूर दिवस का आयोजन दिल्ली यूनिवर्सिटी ऊ 107,108 रीड्ज लाइन फ्लैट्स नए ऑफिस में हुआ। आज के इस प्रोग्राम में दिल्ली प्रदेश एवं आल इंडिया क्ळरएत्र के समस्त पदाधिकारी, दिल्ली विश्वविद्यालय कर्मचारी यूनियन के प्रधान देवेन्द्र शर्मा,



दिल्ली यूनिवर्सिटी कर्मचारी यूनियन के महासचिव रविंद्र पांडे और अन्य पदाधिकारी, डीन ऑफ कॉलेजिज प्रोफेसर बलराम पाणी, दिल्ली खाप के 360 गांवों के सरपंच सुरेंद्र सोलंकी तथा यूनियन के भूतपूर्व पदाधिकारीयों ने हिस्सा लिया। मजदूर दिवस पर दिल्ली विश्वविद्यालय कर्मचारी यूनियन ने एक हवन भी किया। दिल्ली विश्वविद्यालय कर्मचारी यूनियन ने सभी संस्थाओं के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। साइंस संगठन के प्रधान नंदकिशोर गुप्ता, एससी, एसटी संगठन और ओबीसी संगठन, एससी एसटी ओबीसी माइनॉरिटी संगठन, लाइब्रेरी संगठनों के सदस्यों ने भारी संख्या में मजदूर दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कर्मचारी यूनियन के प्रधान देवेंदर शर्मा ने शिकागो के कर्मचारियों को याद किया और कहा कि हम कर्मचारियों की वाजिब हक और हुकूक के लिए हमेशा आगे आकर लड़े है, और आगे भी लड़ते रहेंगे जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी।

# उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल (रजि.) ने जिलाधिकारी को व्यापारिक समस्याओं से संबंधित ज्ञापन सौंपा

कानपुर, उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल (रजि.) कानपुर महानगर द्वारा जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह को व्यापारिक समस्याओं से संबंधित ज्ञापन देते हुए मांग करी की व्यापारी प्रतिनिधियों को नगर के विकास से संबंधित बनने वाली सभी कमेटियों में सम्मिलित किया जाए जिससे व्यापारी बंधु भी अपने शहर के विकास कार्यों में सुझाव दे सके और नई योजनाओं को अवगत हो सके व्यापारी बंधुओ को केंद्रीय शांति समिति में शामिल किया जाए व्यापार बंधु सदस्यों को परिचय पत्र दिए जाएं कानपुर महानगर एक औद्योगिक नगरी है यहां पर राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री , मुख्यमंत्री,राज्यपाल के आगमन पर भी व्यापारी प्रतिनिधियों को उनके साथ शिष्टाचार भेंट में शामिल करने का अवसर दिया जाए सभी विभागों जैसे कि कानपुर विद्युत विभाग पुलिस विभाग जीएसटी विभाग नगर निगम विभाग के लिए जल संस्थान को निर्देशित किया जाए कि व्यापारियों के साथ अपने-अपने विभाग की शेड्यूल बनाकर बैठक कर ले जैसे उनकी समस्याओं का निस्तारण वहीं पर हो सके और व्यापार बंधु बैठक में जटिल मुद्दों को उठाया जाए साथ ही व्यापारी को सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस भी दिए जाएं। जिलाधिकारी को सरोजिनी नगर में देसी शराब का ठेका हटाने के लिए व्यापार मंडल की तरफ से ज्ञापन दिया गया था जिसे जांच कर कर हटा दिया गया इसके लिए जिलाधिकारी महोदय को बहुत-बहुत बधाई दी आभार व्यक्त किया गया।

ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी एवं अध्यक्ष कानपुर महानगर कपिल सब्बर वाल,मनमोहन सिंह,कोहली रणजीत सिंह,बिल्लू अजय सराफ ,हरप्रीत सिंह बग्गा, इंद्रदीप सिंह शैंकी, जुगल खन्ना सोनू कालरा, तरनजीत सिंह,कोहली राहुल खन्ना, परमजीत सिंह, पिंचू मौजूद थे।

# दलितों के साथ हो रहे अत्याचार के विरोध में 9 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया

एनपीटी ब्यूरो

कानपुर,भारतीय दलित पैंथर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष धनीराम एवं भीम आर्मी जय भीम संगठन के अध्यक्ष आलोक गौतम के नेतृत्व में 9 सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के दौरान कहां की भारतीय संविधान के माध्यम से देश चल रहा है उनके द्वारा बनाया गया कानून समस्त भारतवासियों पर लागू होता है और संविधान में समस्त देशवासियों को सम्मान अधिकार की व्यवस्था की गई है दुख की बात है कि देश इस महान सपूत जिसमें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया उन्हें अपना सारा जीवन मजलूमों मजबूरन मजदूर शोषण पीड़ित तथा नारियों के स्वाभिमान व सम्मान की रक्षा में लगा दिया संविधान की अनदेखी की जा रही है दलितों पर अत्याचार की बाढ़ सी आ गई है नारियों की इज्जत आबरू सुरक्षित नहीं है। अलीगढ़ के थाना क्षेत्र लोधा गांव चोखावटी मैं तीन दलित युवकों के साथ बर्बर अत्याचार किया गया उन्हें डंडे लाठी सरिया आदि से नंगा करके मारते हुए उनका जुलूस निकाला। ऐसी अनगिनत घटनाएं हो रही हैं ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाकर कार्यवाही की जाए राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री, हरियाणा सरकार, इस्तीफा दे। पीड़ित परिवार की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए नेहा राठौर पर देशद्रोह के मुकदमे को वापस लिया जाए। इस मौके पर वीरेंद्र बहुजन प्रदेश अध्यक्ष, आलोक गौतम, जितिन सिंह,पैंथर धनीराम बौद्ध, जीतू पैंथर,आदित्य कुरील, आलोक गौतम,वरिष्ठ समाजसेवी बबली गौतम,राजेश बौद्धाचार्य,राहुल गौतम,राहुल देव यादव,विनय सिंह,आकाश सिंह,विजय सागर,अनिल,शिव प्रताप सहित आदि मौजूद रहे।

# गौशाला की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने के संबंध में प्रतिनिधि मंडल जिलाधिकारी से मिला

कानपुर, गौशाला सोसाइटी का एक प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह से उनके कलेक्ट्रेट कार्यालय में गौशाला की भूमि पर भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने के संबंध में मिल कानपुर गौशाला सोसाइटी की सैकड़ों बीघा जमीन है आए दिन भू माफिया उन पर कब्जा करने का प्रयास करते हैं लगभग 15 वर्षों से सोसाइटी के पदाधिकारी ने विभिन्न जिला अधिकारियों व शासन के अनुरोध किया कि समिति की जमीन सीमांकन कर दी जाए किसी की इच्छा शक्ति नहीं जागी परंतु जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने अतिरिक्त जिला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी को निर्देशित किया कि यह गौशाला सोसाइटी शहर की धरोहर है हम लोगों को इसको संरक्षित करना चाहिए और उक्त गौशाला समिति की प्रोफाइल बनाकर गौशाला की जितनी जमीन है और किन-किन लोगों के कब्जे में कर रखा है ।

# साल बाद मप्र सब इंस्पेक्टर भर्ती के 500 पदो पार विज्ञापन 20 मई से पहले जारी करने की तैयारी

## कांस्टेबल के 7500 नए पदों पर विज्ञापन जल्द जारी

नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

भोपालः अगर आप पुलिस या दरोगा बनने का सपना देख रहे हैं और इसके लिए दिन रात तैयारी कर रहे हैं तो यह आपके लिए खुशखबरी है आप अपनी तैयारियों को और बढ़ा ले क्योंकि, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने पुलिस भर्ती को लेकर कई बार ऐलान हे कि मध्य प्रदेश सरकार बहुत जल्द पुलिस विभाग में 8500 से अधिक नई पदो पर भर्तियां निकालने वाली है गृह विभाग में 25 हजार रिक्त पदों की कमी के बीच 8500 नई पुलिसकर्मियों की भर्ती को प्रक्रिया शुरू होने वाली है इसमें 7500 सिपाहियों, 500 सब इंस्पेक्टर और 500 ऑफिस स्टाफ के पद शामिल हैं. प्रदेश में 8 साल बाद सब इंस्पेक्टर की भर्ती होगी इस बार गृह विभाग ने सब इंस्पेक्टर पदों के भर्ती




नियमों में संशोधन भी कर दिया है वर्तमान में 1200 से ज्यादा पद खाली हैं

**20 मई से पहले कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर के विज्ञापन जारी**

सूत्रों के अनुसार 20 मई से पहले कांस्टेबल और सब इंस्पेक्टर भर्ती के विज्ञापन जारी किए जा सकते है मांगपत्र आने के बाद एमपीईएसबी इन के लिए नियम बनाने में जुट गया है। इसमें करीब 10-15 दिन का समय संभावित है। इसके बाद इसके लिए भर्ती विज्ञापन जारी किए जाएंगे। यह भर्ती विज्ञापन इसी माह में जारी करने की कोशिश ईएसबी द्वारा की जा रही है। यानी कोई बड़ी उठापटक नहीं हुई तो 20 मई से पहले में दोनों के (एसआई और सिपाही) विज्ञापन जारी हो जाएंगे।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने गाज़ियाबाद का दौरा



उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा ने बुधवार को गाज़ियाबाद का दौरा किया। इस दौरान वे पूर्व विधायक संजीव सोम के कौशांबी स्थित आवास पर पहुँचे। दौरे के दौरान डॉ. शर्मा ने देश में प्रस्तावित जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा बयान दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जातियों की जनगणना को लागू कर दिया है, जिससे देश को सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से बड़ा फायदा होगा। डॉ. दिनेश शर्मा के अनुसार, यह आजादी के बाद पहली बार है जब जातियों की जनगणना होने जा रही है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि 2011 में कांग्रेस सरकार ने केवल एक जनजातीय सर्वेक्षण कराने की कोशिश की थी, जिसमें वह सफल नहीं हो सकी।

इसके अलावा, डॉ. दिनेश शर्मा ने हाल ही में देश में हुए आतंकी हमलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने तीखा बयान देते हुए कहा, बकरे की अम्मा कब तक खैर मनाएगी और स्पष्ट किया कि सरकार जल्द ही आतंकियों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई करेगी।

# मानसिक रूप से विक्षिप्त बंधक मजदूरों की रिहाई हेतु प्रशासन की सशक्त कार्रवाई - 16 व्यक्तियों को किया गया मुक्त



नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो

गुनाः जिला प्रशासन गुना द्वारा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कन्याल के निदेर्शानुसार दिनांक 02 मई 2025 को एक महत्त्वपूर्ण अभियान संचालित किया गया। जिसमें एसडीएम चांचौड़ा रवि मालवीय, जिला श्रम अधिकारी आशीष तिवारी एवं एसडीओ (पुलिस) के समन्वय से ब्लॉक स्तरीय पाँच दल गठित किए गए। इन दलों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, नगर पालिका अधिकारी सहित लगभग 50 अधिकारी एवं कर्मचारी सम्मिलित रहे। अभियान का उद्देश्य मानसिक रूप से विक्षिप्त मजदूरों को बंधन से मुक्त कराना था।प्रातः 5 बजे से ग्राम बीनागंज, जयसिंहपुरा एवं चक्क पटोदी में टीमों द्वारा मौके पर तफ्तीश की गई। इस कार्रवाई के अंतर्गत 16 मानसिक रूप से विक्षिप्त बंधकों को मुक्त कराया गया। इन व्यक्तियों को अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा गया था।प्रशासन की इस कार्रवाई के तहत दोषियों के विरुद्ध संबंधित थानों में पुलिस प्रकरण दर्ज कराए गए हैं। मुक्त कराए गए व्यक्तियों का मेडिकल परीक्षण का गया एवं जिला स्तर पर उनकी काउंसलिंग की जा रही है। इसके उपरांत संबंधित राज्यों एवं जिलों से समन्वय स्थापित कर इन्हें उनके परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। उक्त कार्रवाई में क्षेत्रीय विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

# जातीय जनगणना की घोषणा को कांग्रेसियों ने माना विजय, मनाया धन्यवाद उत्सव

नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो

मेरठ। सरकार द्वारा जातीय जनगणना कराने की घोषणा को कांग्रेस ने नेता प्रतिपक्ष और सांसद राहुल गांधी के सतत प्रयासों और प्रभावशाली दबाव का परिणाम मानते हुए महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा आज मेरठ में भव्य धन्यवाद जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकताओं ने कमीश्नरी पार्क में नेताजी सुभाष चंद्र बोस व पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का समापन पूर्वी कचहरी स्थित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। इस दौरान कार्यकताओं ने केंद्र सरकार से जातीय जनगणना की प्रक्रिया शीघ्र आरंभ करने, आरक्षण की सीमा को



50: से बढ़ाने तथा निजी शिक्षण संस्थानों में भी आरक्षण लागू करने की मांग की।

महानगर कांग्रेस अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष अवनीश काजला, पूर्व महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन अंबेडकर, सतीश शर्मा, चौधरी यशपाल सिंह, माया प्रकाश शर्मा, ठाकुर सुरेंद्र सिंह, रोहित किशनी शर्मा, सलीम खान, रविंद्र सिंह, विनोद सोनकर, अमित गोयल, संजय कटारिया, योगी जाटव, कपिल पाल, यासिर सैफी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर रंजन शर्मा और अवनीश काजला ने कहा कि श्री राहुल गांधी जनहित से जुड़े मुद्दों पर निरंतर संघर्षशील रहे हैं। उन्होंने पूर्व में भी भूमि अधिग्रहण विधेयक, कोविड प्रबंधन, और किसान आंदोलन जैसे विषयों पर सरकार को झुकने को मजबूर किया है। जातीय जनगणना भी एक महत्वपूर्ण सामाजिक न्याय का विषय है, जिसे कांग्रेस पार्टी लगातार उठा रही है।

धन्यवाद जुलूस में भाग लेने वालों में प्रमुख रूप से पीयूष रस्तोगी, युसूफ खिर्वा, शिवकुमार शर्मा, सुनीता मंडल, अश्वनी गुर्जर, राजा खान, दिनेश चौधरी, सुरेंद्र शर्मा, बबली देवी, शक्ति सिंह, रमनकांत शर्मा, शोएब साबरी, पवन थापा, दुष्यंत सागर, र्य और फुरकान अंसारी शामिल रहे।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।
सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com
नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह के लिए सम्पर्क कर सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी' प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई-19,सेक्टर-6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, **nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com** नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।